● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 297, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार , 14 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



वीर शहीदों के प्रति हम आभारी हैं: राष्ट्रपति 5

गाबा पर इतिहास दोहराने उतरेगा भारत 6

## महाकुंभ एकता का महायज्ञ है, इसमें हर भेदभाव की दी जाती आहुतिः पीएम

### महाकुंभ हजारों वर्ष से चली आ रही सांस्कृतिक आध्यात्मिक यात्रा का जीवंत प्रतीक

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में महाकुंभ की सफलता के लिए कुंभ कलश का पूजन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महाकुंभ 2025 के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ एकता का महाकुंभ है जो दुनिया को संदेश देगा। महाकुंभ हजारों वर्ष पहले से चली आ रही हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा का पुण्य और जीवंत प्रतीक है। यह एक ऐसा आयोजन है जहां हर बार धर्म, ज्ञान, भक्ति और कला का दिव्य समागम होता है।



पीएम मोदी ने संगम को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि यहां दिन रात काम कर रहे कर्मचारियों और सफाई कर्मियों का अभिनंदन करता हूं। विश्व का इतना बड़ा आयोजन, हर रोज लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा की तैयारी और लगातार 45 दिनों तक चलने वाला महाकुंभ नया इतिहास रच रहा है।

पीएम मोदी बोले कि गांवों, कस्बों, शहरों से लोग प्रयागराज की ओर निकल पड़ते हैं। सामूहिकता की ऐसी शक्ति, ऐसा समागम शायद ही कहीं ओर देखने को मिले। यहां आकर संत-महंत, ऋषि-मुनि, ज्ञानी-विद्वान, सामान्य मानवी सब एक हो जाते हैं, सब एक साथ त्रिवेणी में डुबकी लगाते हैं। यहां जातियों का भेद खत्म हो जाता है, सम्प्रदायों का टकराव मिट जाता है। करोड़ों लोग एक ध्येय, एक विचार से जुड़ जाते हैं। कुंभ जैसे भव्य और दिव्य आयोजन को सफल बनाने में स्वच्छता की बहुत बड़ी भूमिका है। महाकुंभ की तैयारियों के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाया गया है, प्रयागराज शहर के सैनिटेशन और वेस्ट मैनेजमेंट पर फोकस किया गया है। लोगों को जागरूक करने के लिए गंगादूत, गंगा प्रहरी और गंगा मित्रों की नियुक्ति की गई है। इस बार 15 हजार से ज्यादा मेरे सफाईकर्मी भाई-बहन कुंभ की स्वच्छता को संभालने वाले हैं। मैं आज कुंभ की तैयारी में जुटे अपने सफाईकर्मी भाई-बहनों का अग्रिम आभार भी व्यक्त करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि किसी बाहरी व्यवस्था के बजाय कुंभ, मनुष्य के अंतर्मन की चेतना का नाम है। ये चेतना स्वत: जागृत होती है। यही चेतना भारत के कोने-कोने से लोगों को संगम के तट तक खींच लाती है। इसलिए मैं फिर एक बार कहता हूं कि ये महाकुंभ, एकता का महायज्ञ है। जिसमें हर तरह के भेदभाव का आहुति दी जाती है। यहां संगम में डुबकी लगाने वाला हर भारतीय एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अद्भुत तस्वीर प्रस्तुत करता है।

पीएम मोदी ने कहा कि महाकुंभ हजारों वर्ष पहले से चली आ रही हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा का पुण्य और जीवंत प्रतीक है। एक ऐसा आयोजन है जहां हर बार धर्म, ज्ञान, भक्ति और कला का दिव्य समागम होता है।

प्रधानमंत्री बोले, ये केवल तीन पवित्र नदियों का ही संगम नहीं है। प्रयाग के बारे में कहा गया है- %माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।।% अर्थात जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं, सभी दैवीय शक्तियां, सभी तीर्थ, सभी ऋषि, महाऋषि प्रयाग में आ जाते हैं। ये वो स्थान जिसके प्रभाव के बिना पुराण पूरे नहीं होते। प्रयागराज वो स्थान है, जिसकी प्रशंसा वेद की ऋचाओं में की गई हैं। पीएम मोदी ने कहा, हमारा भारत पवित्र स्थलों और तीर्थों का देश है। ये गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी और नर्मदा जैसी अनगिनत पवित्र नदियों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, इन अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, जो महात्म्य है, उनका संगम, उनका समुच्चय, उनका योग, उनका संयोग, उनका प्रभाव, उनका प्रताप ये प्रयाग है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान विश्व स्तर पर बढ़ा है: डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने दी भोपाल संभाग के 5 जिलों को 758 करोड़ के विकास की सौगातें

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश में जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। इसमें विकास के साथ-साथ उन पात्र व्यक्तियों को योजना के लाभ से जोड़ा जा रहा है जो अभी तक योजनाओं के लाभ से वंचित रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल संभाग के जनकल्याण पर्व कार्यक्रम में 758.92 करोड़ रूपये के 70 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भोपाल संभाग के जनकल्याण पर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल केवल प्रदेश की राजधानी ही नहीं बल्कि हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने राजा भोज और राजा विक्रमादित्य के योगदान को याद करते हुए सांस्कृतिक




विरासत को बढ़ावा देने की बात कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल के प्रत्येक प्रवेश मार्ग को गौरवशाली स्वरूप देने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजा भोज और सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर प्रवेश द्वार बनाएं जाएंगे। भोपाल के तालाब और यहां की वास्तुकला आज भी जल संरक्षण और स्थापत्य कला के लिये मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में जल संरक्षण की परम्परागत तकनीकों को अपनाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल के ऐतिहासिक तालाबों की अद्भुत तकनीकी संरचना एवं उसकी उपयोगिता के को वर्तमान समय के लिये भी प्रासांगिक बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान विश्व स्तर पर बढ़ा है। मध्यप्रदेश भी विकास और सांस्कृतिक धरोहरों के सरंक्षण में कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर मध्यप्रदेश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

## दुर्घटनाओं के घायलों को मिलेगा मुफ्त इलाज: गडकरी

**नई दिल्ली**

सड़क हादसों में त्वरित उपचार मुहैया कराने के लिए प्रयोग के तौर पर छह राज्यों में चलाई जा रही मुफ्त इलाज योजना नए साल में पूरे देश में लागू हो जाएगी। लोकसभा में गुरुवार को यह जानकारी देते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि इसी महीने उत्तर प्रदेश में यह योजना शुरू की जाएगी।

गडकरी ने कड़े कानून और तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी के लिए लोगों में कानून के प्रति डर और सम्मान का भाव कम होना बताया।



योजना के तहत दुर्घटना पीड़ित को उपचार के लिए फौरी तौर पर डेढ़ लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा भाजपा सांसद राजकुमार चाहर के सवाल पर बताया कि असम, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तराखंड और पुडुचेरी में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर यह योजना सफल रही है। अब तक इसके जरिये 2100 लोगों की जान बचाई गई है। दो से तीन महीने में इस योजना को देशभर में लागू किया जाएगा।

परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मैं जब भी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में जाता हूं और वहां सड़क हादसों पर चर्चा होती है, तो मैं चेहरा छिपाने की कोशिश करता हूं। इस मामले में हमारा रिकॉर्ड सबसे गंदा है। -नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री

गडकरी ने कहा कि दुखद पहलू यह है कि इसमें जान गंवाने वाले 60 प्रतिशत 18 से 34 साल के युवा हैं। इस साल अब तक 1.78 लाख लोगों की मौत हुए है, जो पिछले साल के डेढ़ लाख से बहुत ज्यादा है। सिर्फ हेलमेट नहीं पहनने से हर साल 30,000 लोग मर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री करेंगे एमपीटी के सरसी आइलैंड रिसोर्ट का उद्घाटन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार, 14 दिसम्बर को शहडोल में एमपीटी के नव निर्मित सरसी आइलैंड रिसॉर्ट का उद्घाटन करेंगे। शनिवार को सुबह 10-30 बजे होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल एवं पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भावसिंह लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बाणसागर डैम के बैक वॉटर पर मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा रिजॉर्ट का निर्माण किया गया है। बांधवगढ़ नेशनल पार्क और मैहर आने वाले पर्यटकों के लिए यह एक विशेष सुविधा होगी।

## संविधान से देश में सही मायने में लोकतंत्र लागू हुआ: राजनाथ

**नई दिल्ली।** लोकसभा में संविधान पर चर्चा की शुरुआत केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। उन्होंने कहा कि 75 साल पहले संविधान सभा ने संविधान निर्माण का काम पूरा किया था। संविधान सभा ने जो संविधान तैयार किया था, वह केवल कानूनी दस्तावेज नहीं था बल्कि वह जनआकांक्षाओं का प्रतिबिंब था। राजनाथ सिंह ने कहा कि संविधान से देश में सही मायने में लोकतंत्र लागू हुआ। हमारा संविधान सार्वभौम है, जहां यह राज्य की जिम्मेदारियों को सूचीबद्ध करता है तो वहीं नागरिकों के अधिकारों का भी उल्लेख करता है। हमारा संविधान सहकारी सघंवाद को सुनिश्चित करता है तो राष्ट्र की



एकता को भी सुनिश्चित करता है। भारत का संविधान देश के गौरव को स्थापित करने का रोडमैप भी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा हमारे संविधान को उपनिवेशवाद का उपहार या अच्छी बातों का संकलन मात्र मान लिया जाता है। पिछले कुछ वर्षों से देश में ऐसा माहौल बनाया गया कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है। संविधान निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका को नकार दिया गया।

हमारे संविधान के लिखे जाने से छह साल पहले यानी 1934 में कॉन्सटिट्यूशन ऑफ हिंदुस्तान फ्री स्टेट में कई बड़े नेताओं ने संविधान के बारे में अपने विचार दिए थे। इसमें धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने, प्रत्येक नागरिक को अपनी संस्कृति और भाषा की रक्षा करने, सरकार को धर्म के आधार पर धर्मनिरपेक्ष बताया गया था। सार्वजनिक अनुदान वाले स्कूलों को धार्मिक शिक्षा देने पर मनाही थी और खास बात ये है कि ये बात उन लोगों ने कही थी, जिन्हें कांग्रेस के लोग सांप्रदायिक बताते हैं।

## चुनाव में कांग्रेस की हार से दुखी नाना पटोल

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के कुछ दिन बाद पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने केंद्रीय नेतृत्व से उन्हें संगठात्मक पद की जिम्मेदारी से मुक्त करने का अनुरोध किया। सूत्रों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाना पटोले ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक चिट्ठी लिखी, जिसमें उन्होंने कहा कि वह महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के प्रमुख के पद से मुक्त होना चाहते हैं। महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के गठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के घटक दल कांग्रेस ने 101 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें केवल 16 सीटों पर ही जीत मिली।

## एरोडायनामिक्स परीक्षण केंद्र बनाने के लिए निवेश की जरूरत: सोमनाथ

**तिरुवनंतपुरम।** इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने गुरुवार को कहा कि भारत में एरोडायनामिक्स परीक्षण केंद्र की कमी है। इसलिए ऐसे केंद्र बनाने के लिए भारी निवेश की जरूरत है। इससे हमें अन्य देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र की ओर से आयोजित एप्लाइड एयरोडायनामिक्स और एयरोस्पेस व्हिकल डिजाइन कार्यक्रम में सोमनाथ ने देश की कम्प्यूटेशनल क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि



कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनेमिक्स (सीएफडी) में प्रगति के साथ, शुरू में यह सोचा गया था कि एरोडायनामिक्स परीक्षण केंद्र की अब जरूरत नहीं है, क्योंकि अधिकांश समस्याओं की पहचान सिमुलेशन के माध्यम से किया जा सकता है। सोमनाथ ने कहा, इसलिए, भविष्य के हवाई वाहनों के लिए किए जाने वाले कई परीक्षण कार्यक्रमों में वास्तव में कटौती की गई और एक समय पर हमें परीक्षण की तुलना में अधिक सिमुलेशन करने के लिए कहा गया।

## पीडीए के लिए संविधान बचाना जीवन-मरण का सवाल: अखिलेश

**नई दिल्ली।** भारतीय संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर चर्चा के दौरान लोकसभा में समाजवादी पार्टी सांसद अखिलेश यादव ने कहा, यह संविधान हमारी ढाल है, हमारी सुरक्षा है, यह हमें समय-समय पर शक्ति प्रदान करता है। संविधान शोषित, उपेक्षित, पीड़ित और वंचितों के अधिकारों का सच्चा संरक्षक है। यह संविधान बहुत बड़ा सहारा है। हमारे जैसे लोगों और देश के कमजोर लोगों के लिए, खासकर पीडीए के लिए संविधान बचाना जीवन-मरण का



सवाल है। अखिलेश यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अल्पसंख्यकों, खासकर मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने की कोशिशें की जा रही हैं। लोकसभा में भारत के संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर बहस में भाग लेते हुए अखिलेश यादव ने कहा, जब भी हमें मौका मिलेगा, हम जाति जनगणना कराएंगे। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि जाति सर्वेक्षण से जातियों के बीच की खाई पाटी जा सकेगी। उन्होंने सरकार से गरीबी रेखा से नीचे रहने वालों की प्रति व्यक्ति आय के आंकड़े देने की भी मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कथित चीनी अतिक्रमण को लेकर सरकार पर हमला किया और दावा किया कि देश की सीमाएं सिकुड़ रही हैं। वहीं इस चर्चा की शुरुआत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि- देश में एक राज्य ऐसा भी था जहां भारतीय संविधान लागू नहीं होता था और संसदीय कानून भी ठीक से लागू नहीं होते थे। हालांकि, हमने वहां भी संविधान लागू किया है। लोकसभा में भारतीय संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि, भारत का संविधान केवल शासन प्रणाली स्थापित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह भारत के गौरव को पुन: स्थापित करने का एक रोडमैप है।

## पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नौकरी के लिए नकदी घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को सशर्त अग्रिम जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि पार्थ चटर्जी को एक फरवरी को रिहा किया जाएगा, बशर्ते निचली अदालत आरोप तय करे और गवाहों से पूछताछ करे। इसके अलावा कोर्ट ने कहा कि पार्थ चटर्जी रिहा होने के बाद कोई सार्वजनिक पद नहीं संभालेंगे, लेकिन विधायक बने रह सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि पार्थ चटर्जी को एक फरवरी 2025 को रिहा किया जाएगा, बशर्ते कि निचली अदालत शीतकालीन अवकाश से पहले आरोप तय करे और जनवरी 2025 के दूसरे और तीसरे सप्ताह तक गवाहों से पूछताछ कर ली जाए। पीठ ने कहा कि किसी संदिग्ध को अनिश्चितकाल तक हिरासत में नहीं रखा जा सकता, इसलिए उसे आरोपी और पीड़ितों के अधिकारों में संतुलन बनाना होगा।

## राउत ने एक देश एक चुनाव पर सरकार को घेरा

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक की आलोचना की। उन्होंने बताया कि इस विधेयक में अपर्याप्त शोध और संशोधन किए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने पीएम मोदी के 2029 तक प्रधानमंत्री बने रहने की क्षमता पर भी सवाल उठाया। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। संजय राउत ने आरोप लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र और दिल्ली में सरकार लोकतांत्रिक तरीके से नहीं बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के जरिए बनी हैं। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा, इसके बारे में कोई उचित संशोधन या शोध नहीं किया गया था। मोदी जी हमेशा अपने मन की बात करते हैं।

## प्रियंका गांधी का केन्द्र सरकार पर तीखा हमला

**नई दिल्ली।** लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान पहली बार बोलते हुए प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। लोकसभा में अपने पहले भाषण के दौरान प्रियंका गांधी 32 मिनट तक बोलीं, इस दौरान उन्होंने जातीय जनगणना, अदाणी मुद्दे, देश की एकता जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। प्रियंका गांधी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू का जिक्र करके भी सत्ता पक्ष को घेरा और पूछा कि वे अतीत को कब तक कोसते रहेंगे। प्रियंका गांधी ने कहा कि हजारों साल पुरानी हमारे देश की, धर्म की एक पुरानी परंपरा रही है, ये परंपरा संवाद, चर्चा की रही है। एक गौरवशाली परंपरा है, जो दर्शन ग्रंथों, वेदों और उपनिषदों में रही है। अलग-अलग धर्मों में इस्लाम, जैन, सिख धर्म में भी बहस और चर्चा की संस्कृति रही है। इसी परंपरा से हमारा स्वतंत्रता संग्राम उभरा। यह विश्व में अनोखी लड़ाई थी, जो सत्य और अहिंसा पर आधारित थी। हमारी आजादी की लड़ाई लोकतांत्रिक थी, जिसमें हर वर्ग, हर जाति धर्म के लोगों ने इसमें हिस्सा लिया और आजादी की लड़ाई लड़ी। उसी आजादी की लड़ाई से एक आवाज उभरी, वो ही आवाज हमारा देश का संविधान है। प्रियंका गांधी ने कहा कि ये सिर्फ दस्तावेज नहीं है। इस संविधान के निर्माण में कई नेता वर्षों तक जुटे रहे। इस संविधान ने हर नागरिक को अधिकार दिया कि वो सरकार बना भी सकता है और सरकार बदल भी सकता है।

## हम पड़ोसी के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं, मगर सब उन पर ही निर्भर: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में एक बार फिर पाकिस्तान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ अच्छे और आतंक मुक्त संबंध चाहता है। हालांकि, अगर वह अपने पिछले व्यवहार को नहीं बदलता है, तो द्विपक्षीय संबंधों पर इसका असर पड़ेगा।



उन्होंने यह भी कहा कि 2019 में पाकिस्तान द्वारा लिए गए कुछ फैसलों के कारण व्यापार के संबंधों में रुकावट आई है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान कहा, मैं माननीय सदस्य को सूचित करना चाहूंगा कि पाकिस्तान के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के मामले में, किसी भी अन्य पड़ोसी की तरह, हम पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध रखना चाहते हैं। मगर किसी भी अन्य पड़ोसी की तरह, हम आतंकवादियों से मुक्त संबंध भी रखना चाहेंगे।

जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार का यही रुख रहा है। उन्होंने कहा, हम यह साफ कर चुके हैं कि पाकिस्तान पर अब निर्भर है। वह यह दिखाए कि अपना पिछला व्यवहार बदल रहा है। अगर वह ऐसा नहीं करता है तो निश्चित रूप से संबंधों पर इसका असर पड़ेगा। इसलिए इस मामले में गेंद पूरी तरह से पाकिस्तान के पाले में है। बता दें, केंद्र द्वारा जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त हो गए थे।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन के बीच सैनिकों के पीछे हटने का अंतिम समझौता देपसांग और डेमचोक से संबंधित था और उन्होंने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में हाल के घटनाक्रमों पर अपने विस्तृत बयान में इसका जिक्र किया था। लोकसभा में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी के एक सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा कि समझौते के अनुसार भारतीय सुरक्षा बल देपसांग में सभी गश्ती बिंदुओं पर जाएंगे और पूर्व की ओर की सीमा तक जाएंगे, जहां भारत की गश्त की सीमा है।

मनीष तिवारी ने 2023 में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन में एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी द्वारा पेश किए गए एक पेपर पर एक प्रश्न पूछा था। तिवारी के अनुसार उस पेपर में बताया गया था कि कोराकोरम पास से चुमार तक 65 गश्ती बिंदुओं में से 26 चीनी कब्जे के परिणामस्वरूप भारतीय सुरक्षा बलों के लिए दुर्गम थे। तिवारी ने पूछा कि क्या वे सभी 26 गश्त बिंदु जो जाहिर तौर पर दुर्गम थे, वे सुगम हो गए हैं या नहीं। उनके सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, किसी ने जो लिखा है, उसका जवाब उसे देना चाहिए। मैं सरकार की ओर से जवाब दे सकता हूं। अब मैं, महोदय, आपके माध्यम से माननीय सदस्य को याद दिलाना चाहता हूं कि मैंने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में सैनिकों की वापसी और हाल के घटनाक्रमों पर बहुत विस्तृत बयान दिया था। उस बयान में, मैंने इस बात पर प्रकाश डाला था कि अंतिम वापसी समझौते हुए थे जो देपसांग और डेमचोक से संबंधित थे।

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले : विश्वामित्र




**सिंगरौली।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से वंचित व्यक्तियों एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करने की मंशा से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है आप सभी बढ़ चढ़कर अभियान में हिस्सा ले ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिल सके। उक्त आशय के विचार विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने ग्राम पंचायत खोरवाटोला, चिंतांग एवं कारीमाटी में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। प्रदेशव्यापी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र सिहावल के ग्राम पंचायत खोरवाटोला चिंतांग एवं कारीमाटी में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात कन्या पूजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित एस पी मिश्रा एसडीएम ने मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व/अभियान अंतर्गत शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आप सभी अपनी समस्याओं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन निर्धारित स्टाल में दें, आपके आवेदन का पंजीयन पोर्टल पर होगा। आवेदन पर क्या कार्यवाही /निराकरण हुआ अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए अभियान में सम्मिलित 45 जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार आवेदन करें आपका आवेदन पंजीकृत कर पोर्टल पर दर्ज होगा। शिविर में निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण यहीं पर कराकर आपको हितलाभ दिया जाएगा।शेष आवेदनों का निराकरण 26 जनवरी 2025 के पूर्व कराकर आपको योजना से लाभान्वित एवं सूचित किया जाएगा। आवेदन अस्वीकृत की दशा में भी अस्वीकृत के कारण से अवगत कराया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक ने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि इस अभियान में गठित संपर्क दल घर घर जाकर योजनाओं एवं अभियान की जानकारी दे एवं पात्रतानुसार आवेदन ले ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे। अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं जिससे योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को जानकारी मिल सके एवं आवेदन कर पात्रतानुसार लाभ ले सकें। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर दिनेश तिवारी नायब तहसीलदार, अखिलेश तिवारी बीएम एनआरएलएम, श्रीमती अनुसुइया वाजपेई सीडीपीओ, कामता तिवारी बीपीओ, कुंवर बहादुर सिंह खंड समन्वयक स्वच्छता श्रीमती उषागोपाल पटेल, श्रीमती रुकसाना बानो सरपंच खोरवा टोला, तेज बहादुर सिंह सरपंच चिंतांग, अजय सिंह सरपंच कारीमाटी, अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही बंधु एवं बड़ी संख्या मे गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# डिग्री कॉलेज रोड पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस स्टूडेंट्स लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ



**सिंगरौली।** पुस्तकालय वह स्थान है जहां पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित किया जाता है जिसमें छात्रों की आत्मनिर्भरता बढ़ती है और पढ़ने की चाह रखने वाले छात्रों को एक बेहतर साधन उपलब्ध कराता है इसे ध्यान में रखते हुए बीते दिवस डिग्री कॉलेज रोड पर स्टूडेंट लाइब्रेरी खोला गया है जिसका बीते दिवस विभिन्न गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में फीता काटकर विधिवत्त उद्घाटन किया गया पुस्तकालय के प्रोपराइटर शिबू केसरी ने बताया कि यह एक ई लाइब्रेरी है जहां आधुनिक शिक्षा मुहैया कराई जाएगी जिसमें छात्र-छात्राओं के लिए वाई फाई, लाकर फैसिलिटी, 5 डेमो क्लास, फुली एयर कंडीशन, आरओ वाटर कूलर, डिस्कशन रूम के साथ-साथ मोबाइल एवं लैपटॉप चार्जिंग की व्यवस्था सभी तरह के न्यूज़ पेपर्स ऐतिहासिक पुस्तक कानूनी पुस्तक एवं पूरा कैंपस पूर्ण रूप से सीसीटीवी कैमरा से लैस होने के साथ ही छात्र छात्राओं के लिए बेहतर माहौल के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं बता दें यह स्टूडेंट लाइब्रेरी सर्वसुविधा युक्त एक बेहतरीन लाइब्रेरी है जहां विद्यार्थी जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं उनको शांत वातारण में पढ़ने का एक अच्छा माहौल प्रदान करता है सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें इस पुस्तकालय में उपलब्ध है यह अल सुबह से देर रात्रि तक खुला रहता है पुस्तकालय के शुभारंभ पर आए गणमान्य नागरिकों ने इस पुस्तकालय के खुल जाने की तारीफ की है और कहां है कि यहां विभिन्न कोचिंग संस्थानों के साथ कॉलेज भी है जिसके छात्र-छात्राएं इस पुस्तकालय में आकर अपनी तैयारी को बखूबी अंजाम दे सकते हैं।

इस अवसर पर एनसीएल निगाही से सेवानिवृत भारतीय मजदूर संघ के पूर्व सचिव रहे आर एस द्विवेदी, एनसीएल कर्मी राकेश चौबे, संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल संचालक सुरेंद्र सोनी, रमेश शाह, अमित ,मनीष, नरेश, पुस्तकालय संचालक शिबू केसरी, सहित अन्य अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सरकार की एक वर्ष की उपलब्धि पर जनसंपर्क विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी



**सिंगरौली।** प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 11 दिसंबर से 26 दिसंबर तक जन कल्याण पर्व का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धि पर जनसंपर्क विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय मे लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी जिसका आम जन मानस के द्वारा अवलोकन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरे हो गये है । इस अवधि में प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में लिए गए निर्णयों तथा प्रदेश के विकास हेतु किए गए कार्यो तथा उपलब्धियों को जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। यह प्रदर्शनी आम जनता के अवलोकनार्थ 24 घंटे उपलब्ध रहेगी ।

वर्तमान प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए जन हितैषी कार्यो तथा निर्णयों की जानकारी देने हेतु छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी के माध्यम से सहज एवं सरल शब्दों तथा चित्रों के माध्यम से उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है जिससे आम जन मानस शासन की योजनाओ से अवगत हो सके तथा उसका लाभ उठा सके ।

इसके साथ जिले के विकास खण्ड में भी छाया चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से आम जन मानस को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में अवगत कराया जा रहा है।

# राजस्व महा अभियान के हर विंदुओं को शत प्रतिशत कराये निराकरण : कलेक्टर

## सभी हल्का पटवारियों से लक्ष्य के अनुरूप कार्य कराया जाना सुनिश्चित : श्री शुक्ला



**सिंगरौली।** राजस्व महा अभियान के हर विंदुओं को शत प्रतिशत कराया जायें। तथा सभी हल्का पटवारियों से लक्ष्य के अनुरूप कार्य कराया जाना राजस्व अधिकारी सुनिश्चत करे उक्त आशय का निर्देश कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन अभियान के तहत सीमांकन वटनवारा, नामातरण, ई केवाईसी, सीएम हेल्प लाईन एवं समाधान में चिन्हित आवेदनों के निराकरण के प्रगति की समीक्षा बैठक के द्वारा सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

कलेक्टर ने इस आशय के निर्देश दियें कि सभी पटवारियों के लिए लक्ष्य के अनुरूप प्रति दिवस सीमांकन, वटनवारा, के साथ साथ ई केवाईसी के कार्य करायें जायें इसके लिए प्रति दिवस अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत राजस्व अधिकारी प्रगति की समीक्षा लेने के पश्चात शांय को मुझे पालन प्रतिवेदन दिया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने इस आशय के निर्देश दियें कि 70 प्लस के जो भी पात्र हितग्राही है उनका शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाया जाना सुनिश्चित करे। कोई भी पात्र हितग्राही आयुष्मान के लाभ से वंचित न रहे। उक्त कार्य में लगे हुयें सचिव, रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य अमला जो लगा है अपने लक्ष्य के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करे लक्ष्य से कम काम करने वालो के विरूद्ध संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारी कार्यवाही करने हेतु प्रस्तावित करे। कार्य के प्रगति में यदि कमी आई तो कठोर कार्यवाही की जायेगी।कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिये कि समाधान विंदु में चिन्हित 50 दिवस 100 दिवस के लंबित आवेदनों के साथ साथ सीएम हेल्प लाईन के लंबित आवेदनों का भी संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाना सुनिश्चित करे। ताकि जिले की रैकिंग पिछली बार की तरह बनी रहे। बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेंय, एसडीएम सृजन बर्मा डीपीओं राजेश गुप्ता, नगर निगम के उपायुक्त आरपी बैस सहित अन्य अधिकारी व्हीसी के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

# चोरी हुई मोटरसाइकिल समेत 90 हजार की मशरूका के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के दिशा निर्देश एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पी.एस. परस्ते व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह परिहार के सतत निगरानी में खुटार चौकी प्रभारी साहब लाल सिंह ने चोरी गया मोटर सायकल समेत अन्य सामान को 12 घण्टे में बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी अनुसार फरियादी अतुल कुमार दुबे निवासी खटखरी पुलिस चौकी खुटार ने चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी ग्राम परसौना मे किराना की दुकान है । दिनांक 10.12.24 के शाम करीबन 05.15 बजे वह अपनी मोटर सायकल हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक एमपी 66 एमजी 0842 से दीदी के घर ग्राम पिपराझांपी जाने के लिये गाडी को दुकान के बाहर खडा करके दुकान के अन्दर चला गया। लगभग 15 मिनट बाद निकला तो देखा कि उसकी मोटर सायकल खड़ी नही थी व उसकी मोटर सायकल की डिग्घी मे नगदी 10,000/- रुपये, एक नग सोने की अंगूठी, सफेद कलर का गमछा व सुपाडी फल रखी कुल कीमती करीबन 90,000 रुपये का गायब था। तब उसने घटना की जानकारी अपने पिता रोहिणी प्रसाद दुबे व भाई अंकित कुमार दुबे को दी। कई जगह पता तलाश करने पर भी जब पता नही चला तो अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराने हेतु पुलिस की सहायता ली। फरियादी कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 238/24 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना घटना मे चोरी किया गया मशुरुका व संदेहियो की सघन पता तलाश कर 12 घण्टे के भीतर आरोपी रुपसेन शर्मा पिता रामप्यारे शर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी बरौहा पुलिस चौकी खुटार थाना बैढन को गिरफ्तार कर चोरी गया मशुरुका मोटर सायकल क्र. एमपी 66 एमजी 0842, मे नगदी 10,000/- रुपये, एक नग सोने की अगूठी, सफेद कलर का गमछा व सुपाडी फल कुल कीमती 90,000/- रुपये की बरामद किया गया। मामले की विवेचना जारी है । उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उपनिरी. साहबलाल सिंह परिहार के नेतृत्व मे सउनि राजेश मिश्रा रावत, प्र.आर. राय सिंह, कुलदीप शर्मा, रावेन्द्र सिंह की महत्तपूर्ण भूमिका रही ।

# मानवाधिकार संगठन ने वृद्धाश्रम पहुंचकर की बुजुर्गों की सेवा, बांटे वस्त्र

## जगमोरवा के झोपड़ी पट्टी में किया लंच पैकेट एवं वस्त्र वितरण

**सिंगरौली।** 13 दिसम्बर को मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के पदाधिकारियों द्वारा संगठन के पूर्व ज़िलाध्यक्ष स्वर्गीय दिनेश श्रीवास्तव की पहली पुण्यतिथि पर जगमोरवा की झोपड़पट्टी में गरीब ज़रूरत मंद लोगों के बीच भोजन के पैकेट तथा वस्त्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अमित तिवारी ने बताया कि यह नेकी का कार्य अनवरत चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि हम पर समाज का, देश का बहुत ऋण है, हम उसी ऋण से उऋण होने का तुच्छ प्रयास कर रहे हैं। इसके पूर्व 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस से प्रारंभ हुआ मानवाधिकार संगठन का नेकी कार्य अनवरत जारी है। इसी क्रम में 12 दिसम्बर को मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने ऋंगी ऋषि वृद्धाश्रम कनई का दौरा कर वहाँ पर मानवाधिकार संगठन के पदाधिकारियों ने वृद्धों का हाल जाना। वहाँ की अव्यवस्था बिजली पानी की समस्या को दूर करने की दिशा में भी उचित पहल किया। इस अवसर पर मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बुजुर्गों को कंबल वितरित किया गया। साथ ही एक बेहद बुजुर्ग महिला जो काफ़ी दिनों से मोरवा स्टेशन पर पड़ी थी उन्हें भी वृद्धाश्रम तक पहुँचाने का पुनीत कार्य मानवाधिकार संगठन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संगठन के सत्येंद्र पासवान, सुशील वर्मा, सुशीला सिंह, विवेक श्रीवास्तव, विकास सिन्हा, राहुल सिंह, राजेश अग्रवाल, बंटी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा का एक वर्ष पूर्ण होने पर आप पार्टी ने संकल्प पत्र का दिलाया याद, संकल्प पूर्ण न होने पर त्यागपत्र को लेकर पीएम के नाम प्रशासन को सौपा ज्ञापन



**सिंगरौली।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रतिभान प्रसाद ने प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि विधानसभा 2023 के चुनाव में मध्य प्रदेश संकल्प पत्र 2023 मोदी की गारंटी भाजपा का भरोसा नाम से एक संकल्प पत्र जारी कर प्रदेश की जनता से संकल्प किया था की भाजपा आपके सामने प्रदेश को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर आई है। यह संकल्प पत्र 2023 प्रदेश की जनता के लिए भाजपा का विजन है और इसे पूर्ण करने के लिए हम संकल्पित है। हमारा निरंतर प्रयास है की मध्य प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छुए प्रदेश के हर परिवार का जीवन सुगम्य हो और हर घर में समृद्धि आए। इसलिए हमें पूरा विश्वास है की आप इस बार भी भारतीय जनता पार्टी को सेवा का मौका अवश्य देंगे। भाजपा ने इस संकल्प पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र को व्यक्त करने का प्रयास किया है। इस आस्था के साथ यह संकल्प पत्र हमारे लिए सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है, यह प्रदेश के विकास के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता प्रकट करने का एक माध्यम भी है। भाजपा को विश्वास है की मध्य प्रदेश को एक विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में आप हमारा समर्थन अवश्य करेंगे। साथ ही आपने अपने संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी, भाजपा का भरोसा मुख्य संकल्प के रूप में सशक्त नारी के लिए लाडली बहनो को मासिक आर्थिक सहायता के साथ मिलेगा आवास, ग्रामीण महिलाओ को लखपति बनाएंगे, लाडली लक्ष्मियो को कुल रूपये 2 लाख, सरता सिलेंडर, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा इसी प्रकार किसानो के लिए एमएसपी पर बोनस की व्यवस्था, आर्थिक वित्तीय सहायता, युवाओ के लिए उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा के अंतर्गत प्रत्येक परिवार में कम से कम एक रोजगार, युवाओ को 10000 रूपये तक का मासिक स्टाइपेंड, प्रत्येक परिवार को घर, वरिष्ठ एवं दिव्यांगों को 1500 रूपये मासिक पेंशन, स्वस्थ प्रदेश के लिए डॉक्टर, नर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ की रिक्तिया शीघ्र भरने, विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं, प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने, सबका साथ सबका विकास, सुदृ क आधारभूत संरचना, जनजातीय कल्याण, प्रगतिशील अर्थव्यवस्था एवं औद्योगिक विकास, सुशासन एवं कानून व्यवस्था, सामूहिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन के क्षेत्र में कार्य करने का जनता के सामने संकल्पित होकर भाजपा को जिताने का आह्वान किया था।

# स्पा सेंटर के संचालक को कोतवाली पुलिस ने कई घंटे तक बैठाया

## रहस्य बरकरार, मामले को दबाने लाखों में सौदा होने की चर्चा



**सिंगरौली।** शहर में संचालित स्पा सेंटर कभी हत्या तो कभी विदेशी लड़कियों को लेकर सुर्खियों में रहा हैं। अब एक बार फिर डीएव्ही रोड़ स्थित एक स्पा में संचालित इस पर केंद्र के संचालक को कोतवाली पुलिस कई घंटो तक बैठाई रही। पुलिस ने अभी तक इस मामले में किसी के खिलाफ मामला दर्ज किया है या नहीं यह रहस्य बना हुआ है। लेकिन चर्चा है कि पुलिस मामले को दबाने के लिए बड़ी डील में सौदेबाजी कर रही हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात एक स्पा सेंटर में एक युवक थाई मसाज के लिए पहुंचा था। मसाज के दौरान युवक के साथ विवाद हो गया, इसके बाद कोतवाली पुलिस स्पा सेंटर पहुंच गई थी। फिर मामले को शांत करवाया गया। आज सुबह स्पा सेंटर संचालक को कोतवाली पुलिस पूछताछ के लिए बुलाई । कई घंटे तक संचालक को पहले कोतवाली में बैठा रखा गया और बातचीत होती रही। चर्चा है कि संभवत बातचीत में समाधान देर शाम तक नहीं हुआ नतीजा रात के अंधेरे में महिला थाने के पीछे कई घंटे तक पुलिस स्पा संचालक पर अपराध दर्ज करने का दबाव बनातीं रहीं। वहीं स्पा सेंटर संचालक को कोतवाली में तलब करने के बाद अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर कोतवाली पुलिस स्पा सेंटर संचालक को किस वजह से घंटों तक थाने में बैठाई रही, पुलिस और संचालक के बीच क्या बातचीत हुई अभी भी रहस्य बरकरार है। सूत्रों की माने तो पुलिस अब मामले को रफा-दफा करने के लिए पुलिस कवायद कर रही है। सूत्रों की माने तो स्पा सेंटर में कई ऐसी गतिविधियां संचालित हो रही थी जो कानून अपराध है। पुलिस ने इस स्पा सेंटर में अवैध गतिविधियों को रंगे हाथों पकड़ लिया था। चर्चा है दोपहर 12 बजे से लेकर रात 7 बजे तक डील होती रही।

स्पा सेंटर संचालक को बचाने और अपराध दर्ज नहीं करने के लिए सौदेबाजी होती रही। हालांकि डील किसी नतीजे पर पहुंची या नहीं रहस्य बरकरार है। लेकिन इस मामले को लेकर ना तो पुलिस और न ही स्पा संचालक कुछ बोलने को तैयार है। इस मामले को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी अशोक सिंह टेलिफोनिक संपर्क किया गया तो उन्होंने पूर्व की तरफ फोन नहीं उठाया।

# विधायक ने किया विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

## जनकल्याण पर्व में चित्र प्रदर्शनी में दिखाई जा रही सरकार की उपलब्धियों की झलक

सीधी

प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। इसके तहत जिला मुख्यालय और विकासखण्डों में चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विधायक श्रीमती रीती पाठक तथा कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा मानस भवन सीधी में विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया।



इस अवसर पर विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार द्वारा सभी वर्गों के हितार्थ जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का संचालन किया जा रहा है जिसके माध्यम से घर-घर सर्वे कर छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। इसके साथ ही अधोसंरचना के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विधायक ने कहा कि यह प्रदर्शनी विगत एक वर्ष में प्रदेश की उन्नति और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए किए गए प्रयासों को दर्शाती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रदर्शनी का अवलोकन करें। शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक बनें तथा योजनाओं का लाभ लेकर प्रदेश के विकास में सहभागी बने।

जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित इस प्रदर्शनी में आकर्षक चित्रों के माध्यम से सशक्त बन रही मध्यप्रदेश की नारी, लोक निर्माण से लोक कल्याण, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अभ्युदय, आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की गारंटी को प्रदर्शित किया गया है। चित्र प्रदर्शनी में नए स्टार्टअप, जनजातीय विकास से जुड़ी योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों, पुलिस कर्मियों के कल्याण की योजनाओं, गौ संवर्धन तथा गौ संरक्षण के कार्यों एवं प्रदेश में लगातार बढ़ रहे औद्योगिक निवेश को प्रदर्शित किया गया है। चित्र प्रदर्शनी में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति, साइबर तहसील से किसानों को हो रहे लाभ, लाड़ली बहना योजना, बेहतर सुशासन के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों, किसानों तथा मजदूरों के कल्याण के प्रयासों, युवाओं को नए अवसर सहित शासन की सभी प्रमुख विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया है।

सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग मुकेश मिश्रा ने बताया कि यह प्रदर्शनी मानस भवन में 13 दिसम्बर से 15 दिसंबर 2024 तक लगी रहेगी। जिलेवासी सुबह 11 से सायं 6 बजे तक प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं। इस अवसर पर तहसीलदार जान्हवी शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी, नायब तहसीलदार तीरथ अक्षरिया, डीपीएम आजीविका मिशन पुष्पेंद्र सिंह, विश्वबंधुधर द्विवेदी, प्रमोद द्विवेदी, पुष्पराज सिंह , रोहित मिश्रा सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को

## 17 खंडपीठों द्वारा होगा प्रकरणों का निराकरण

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की चौथी लोक अदालत का आयोजन शनिवार दिनांक 14 दिसंबर को जिला मुख्यालय सीधी तथा तहसील चुरहट, मझौली एवं रामपुर नैकिन में किया जायेगा। जिला मुख्यालय सीधी में प्रातः 10:30 बजे स्थानीय ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया जायेगा।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु 17 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय सीधी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव कुमार पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मुकेश कुमार, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शोभना मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक साहू, एवं श्रम न्यायालय के प्रकरणों का निराकरण हेतु श्रम न्यायाधीश श्री सुशील गहलोत की न्यायिक खंडपीठ का गठन किया गया है। सिविल न्यायालय चुरहट में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री नृपेन्द्र सिंह परिहार, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री विजया विश्वकर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल त्रिपाठी एवं सिविल न्यायालय मझौली में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री रूची परते तथा सिविल न्यायालय रामपुर नैकिन में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री परमानंद सनोडिया तथा श्री अरहम खान की खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी ने नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय में लंबित सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य मामलों के साथ साथ जलकर व बिजली के बिल संबंधी प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कराया जायेगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पाण्डेय ने आमजन से जिनके राजीनामा योग्य प्रकरण न्यायालय में लंबित हो अथवा बैंक वसूली, जलकर व बिजली के बिल संबंधी प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण दिनांक 14 दिसंबर 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में कराने की अपील की है।

# आज सरसी आयरलैंड में होगी मान्या की प्रस्तुति

## मुख्यमंत्री की उपस्थिति में होगा बघेली लोकगीतों का कार्यक्रम

**सीधी।** मध्य प्रदेश के इकलौते बाणसागर बांध सरसी ब्यौहारी में नव निर्मित आयरलैंड का आज मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा उद्घाटन किया जायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक गायिका विंध्य की बेटी मान्या पाण्डेय को मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम एवं एमपी टूरिज्म विभाग द्वारा आमंत्रित किया गया है। जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में मान्या पाण्डेय बघेली लोकगीतों की प्रस्तुति देंगी और उनके साथ लोक गायक नरेंद्र बहादुर सिंह, कपिल तिवारी, हरिश्चन्द्र मिश्रा, पवन शुक्ला, कर्णवीर सिंह



आदि कलाकार संगत देंगे। राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय पर्यटन की ब्रांड एम्बेसडर हैं। इस कारण उन्हें पर्यटन विभाग एवं पर्यटन विकास निगम के द्वारा आमंत्रित किया जाता है। मान्या पाण्डेय लम्बे समय से बघेली लोकगीतों का देश भर में विस्तार कर रही है और उनके लोकगीत देश ही नहीं विदेशों में भी सुने जाते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि मान्या पाण्डेय के बघेली लोकगीत सबसे ज्यादा युवा वर्ग व महिलाएं पसंद करती हैं और उनके लोकगीत सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं। मान्या पाण्डेय भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग, जन सम्पर्क विभाग, पर्यटन विभाग की लोक कलाकार है। इस कारण वह स्थानीय कार्यक्रमों में बहुत कम शामिल हो पाती है। मान्या पाण्डेय अभी तक देश के 18 प्रदेशों में 300 सौ से ज्यादा मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे चुकी है।

# क्राइस्ट ज्योति स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन आज

**सीधी।** क्राइस्ट ज्योति स्कूल सीधी के द्वारा सीधी जिले में पहली बार क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें यह क्रिकेट प्रतियोगिता दिनांक 14 दिसंबर से 15 दिसंबर तक क्राइस्ट ज्योति स्कूल परिसर में खेला जाएगा। जिसमें आठ विद्यालय की टीम हिस्सा ले रही है और यह क्रिकेट प्रतियोगिता नॉक आउट पद्धति के अनुसार किया जाएगा जो टीम जीतेगी तो आगे बढ़ेगी और जो टीम हारेगी वो टीम वापस हो जाएगी और पहले दिन क्वाटर मैच खेला जाएगा। क्रिकेट मैच शुभारंभ 14 दिसंबर को सुबह 9 बजे क्राइस्ट ज्योति स्कूल के प्राचार्य सीजो जोसफ व डेला पोल सिस्टर एवं सोनी सिस्टर के द्वारा किया जाएगा।

# रक्तदान के साथ मरीजों और विकलांगों को फल वितरित कर मनाया सांसद का जन्मदिन

## लोकसभा क्षेत्र-सीधी के सांसद का जन्मदिन समर्थकों द्वारा पौधा रोपण के साथ समाजसेवा के नाम किया समर्पित

**सीधी।** लोकसभा क्षेत्र-सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा 69वां जन्मदिवस आज समर्थकों द्वारा उल्लासपूर्वक मनाया गया। सीधी सांसद का जन्मदिवस समाजसेवा के लिये समर्पित रहा। जन्मदिवस के अवसर पर समर्थकों ने रक्तदान, पौधरोपण के साथ मरीजों एवं विकलांगों को फल वितरण किया।



जिला अस्पताल में समर्थकों ने जहां सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के जन्मदिवस पर रक्तदान किया वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों को वार्डों में जाकर फल वितरण किया गया। वार्डों में मरीजों को फलों का वितरण होने पर कुछ लोगों ने पूंछ कि यह किस खुशी में आज बांटा जा रहा है। जिस पर उन्हें बताया गया कि आज लोकप्रिय सांसद डॉ.राजेश मिश्रा का जन्मदिवस है, जिस पर मरीजों एवं उनके परिजनों ने भी सांसद को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। आज सुबह से ही जिला अस्पताल में समर्थकों की भीड़ जमा रही। आरंभ में जहां वार्डों में जाकर फलों का वितरण किया गया वहीं रक्तदान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.अनूप मिश्रा भी मौजूद रहे। तत्पश्चात समर्थकों ने विवेकानंद विकलांग आश्रम में जाकर छात्रों का फल और चाकलेट वितरित किये। इसके बाद समर्थकों ने पौधरोपण कर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के जन्मदिवस की खुशियां मनाई। इस दौरान मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि डॉ.मनोज सिंह परिहार, दिग्विजय सिंह चौहान बम्फोट, बच्छराज सिंह परिहार, सुरेश पाण्डेय, प्रदीप सिंह परिहार, कौशेलेन्द्र सिंह, नीरज कुंदेर आदि उपस्थिति रहे।

# झुकी सरकार, अस्पतालों का अब नहीं होगा निजीकरण : उमेश

**सीधी।** टोंको-रोंको-ठोंको क्रान्तिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी नें बताया है कि मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश की 12 जिला अस्पतालों को निजी हाथों में सौंपने का फैसला करके टेंडर्स आहूत किया गया था। प्रदेश के घातक जन विरोधी निर्णय से गरीब, हरिजन, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग के लोग समुचित इलाज से बंचित होते, वैसे भी सीधी जिला बहुतायत आदिवासी आवादी का जिला है। साथ ही जिले की कुल आबादी में से ज्यादातर गरीब एवं मध्यम तपके के ही लोग है। प्रदेश सरकार ने इसी प्रकार के प्रदेश के 12 गरीब एवं पिछड़े जिलों के जिला अस्पतालों को ठेकेदारी में देने का फैसला करके आम जन के साथ विश्वासघात का अपराध करनें जा रही थी। श्री तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार के जनविरोधी निर्णय की जानकारी होने पर सीधी जिले के कई सामाजिक संगठन, किसान संगठन एवं मजदूर संगठन ने मिलकर के अस्पताल बचावा जीउ बचावा संघर्ष मोर्चा का गठन करके अस्पताल को निजी हाथों में दिए जाने के सरकार के निर्णय का साझा विरोध करते हुए सत्याग्रह आंदोलन सुरु किया गया। सत्याग्रह आंदोलन सतत सीधी जिले में दो माह तक चलता रहा। सत्याग्रह आंदोलन में जिले के लोगों की प्रत्यक्ष भागीदारी रहती थी एवं जिले के समस्त नागरिकों की जन भावना आंदोलनकारियों के साथ थी। सत्याग्रह आंदोलन सीधी जिले के सभी सातों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समक्ष करने के वाद जिला मुख्यालय सीधी में सत्याग्रह आंदोलन करके राजयपाल के नाम ज्ञापन पत्र सौप कर मांग कि गईं कि प्रदेश सरकार को निर्देशित करे कि जिला सरकारी अस्पताल को निजी हाथों में देने के फैसले को वापस ले, क्योंकि ऐसा नहीं होने से आम आदमी महगे इलाज के चलते दम तोडने को मजबूर होगा। श्री तिवारी ने कहा कि सत्याग्रह आंदोलन के दरमियान जिले के आदिवासियों एवं गरीवो ने मजबूत भागीदारी निभाई। जायज मांगो को लेकर के जज्बे के साथ लड़ी गई लड़ाई के चलते प्रदेश सरकार को घातक जन विरोधी निर्णय को वापस करना पड़ा। अस्पताल बचावा जिउ बचावा सत्याग्रह मोर्चा के सभी साथियों को बधाई। प्रदेश सरकार द्वारा जिला अस्पतालों को निजी हाथों में न देने के निर्णय की जानकारी होने पर आदिवासियों नें खुशी में गीत गाते हुए सैला नृत्य के साथ झूम उठे। इससे पता चलता है कि गरीब के लिए सरकारी अस्पताल कि क्या अहमियत है।

# शिव मंदिर बढ़ौरा में भव्य भंडारे का कार्यक्रम हुआ संपन्न

**सीधी।** शिव मंदिर बढ़ौरा में आज हुआ विशाल भंडारा जिसमें कई दिक्गज पहुंचे उस दिन भी भंडारे का कार्यक्रम था याद रहे। यह कार्यक्रम 8 दिसंबर से चल रहा है, जिसमें महामृत्युंजय जाप का कार्यक्रम था ये जाप शिव एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में था, जिसका समापन आज 13 दिसंबर को बडोरा नाथ स्वामी में मानस के उपरांत भंडारे का वृहद आयोजन किया गया। इस भंडारे के आयोजन में चुरहट की गणमान्य नागरिक व्यापारी वर्ग व राजनीतिक वर्ग के सभी लोग पहुंचे। कार्यक्रम नगर परिषद अध्यक्ष मोनिका विजय गुप्ता चुरहट के द्वारा किया गया।

# भारतीय ज्ञान परंपरा प्रतियोगिता में जीडीसी प्रथम स्थान पर

**सीधी।** कला संस्कृति एवं ज्ञान भारतीय व पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा अध्ययन छात्राओं को आगे लाने का प्रयास कर रही है। जिले शासकीस महा विद्यालय व प्राइवेट महा विद्यालय से अध्ययनरत छात्राओं को संस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसार मिला। भारतीय ज्ञान परंपरा में जिले की सात माह विद्यालय ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जीडीसी कन्या महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ज्ञान भारतीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं में अर्पणा मिश्रा, स्वाति द्विवेदी, रश्मि सिंह चौहान, जागृति शुक्ला, स्वेता त्रिपाठी, दीपांजलि सिंह ने सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी। वहीं वाद्य यंत्र में संगति कर रहे पवन कुमार शुक्ला, कपिल तिवारी, रवेंद्र तिवारी शामिल रहे। प्रतियोगिता में सभी कलाकारो को 10 मिनट का समय मिला था जिसमें कन्या महाविद्यालय ने दो गानों की प्रस्तुति दी जिसमें चंदफिजाओ में शहादत के सजा व आगो फागुन मास महीना की प्रस्तुति देकर सभी जजों सहित श्रोताओं का मन मुग्ध कर दिया। भारतीय ज्ञान परम्परा के प्रभारी डॉ. दिलीप कुमार सोनी ने बताया की जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को संभाग स्तर पर जाने का मौका मिलेगा। वहीं दूसरे स्थान पर मझोली व तीसरे स्थान पर मड़वास महा विद्यालय पहुंची।

# केबाईसी के नाम पर हुई लूट, राज्य स्तरीय ठगो का हुआ पर्दाफाश

**सीधी।** ज्ञात हो की आरोपी रामकुमार मिश्रा तनय श्याम सुंदर मिश्रा एवं रितेश मिश्रा पिता ओम प्रकाश मिश्रा, निवासी ग्राम पहाडी, थाना अमिलिया, जिला सीधी म.प्र. के द्वारा 03/12/2024 को ग्राम पुर्वा तहसील देवसर जिला सिंगरौली मे रामकैलाश बैगा, मोतीलाल बैगा एवं केशव प्रसाद कोल के साथ द्म4ष के नाम पर लूट को अंजाम दिया एवं आरोपियो द्वारा विगत दिनों आदिवासीयो के साथ, थाना बहरी जिला सीधी में भी द्म4ष के नाम पर लूट को अंजाम दिया गया था एवं आरोपियों द्वारा शहडोल जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र में भी द्म4ष के नाम पर आदिवासी महिलाओ से लूट की गई थी आरोपियों द्वारा लाखों की लूटपाट की जा चुकी है जिसका खुलासा उनके अकाउंट की जांच करने पर होगा आरोपियों द्वारा लगातार आदिवासियों को निशाना बनाया जा रहा है और उनके साथ केवाईसी के नाम पर लूटपाट की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस गिरोह में कई लोग सामिल है जो विभिन्न माध्यमो से स्थानो की जानकारी इकट्ठा करते हैं कि किस जिले के किस आदिवासी मोहल्ले को टारगेट बनाना है एवं रामकुमार मिश्र वा रितेश मिश्रा द्वारा घटना को अंजाम दिया जाता है ज्ञात हो मामला जियामन थाना में पीड़ित पक्ष की तरफ से शिकायत दर्ज की गई थी जिसपे कार्यवाही नहीं हुई तो गुरुवार को एसडीओपी साहब से गुहार लगाई गई उन्होंने मामला पंजीबद्ध कर जल्द ही कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपियों की पहचान करने पर पता चला कि सभी आरोपी निवासी ग्राम पंचायत पहाडी, थाना अमिलिया लिया, जिला- सीधी म.प्र. के निवासी है अब देखना ये दिलचस्व होगा आगे की प्रशासनिक कार्यवाही कहा तक और कब तक होती है।

# योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं रहे : रीती

## बम्हनी, बंजारी एवं बरहाई में लोककल्याण अभियान अंतर्गत शिविर का हुआ आयोजन

**सीधी।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत विधायक श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पंचायत बम्हनी में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक द्वारा अरविंद किराना स्टोर से हाई स्कूल बम्हनी तक नाली निर्माण स्वीकृति राशि 04.93 लाख, चंद्रिका पहाड़ के नीचे बम्हनी हस्तिनापुर मार्ग में पुलिया निर्माण (विधायक निधि) स्वीकृत राशि रूपए 03 लाख एवं दामोदर यादव के घर से बम्हनी हस्तिनापुर पहुंच मार्ग तक पीसीसी सड़क निर्माण राशि 04 लाख का भूमि पूजन किया गया। साथ ही हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया गया।



विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में दिलाना है, कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। विधायक ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य , सम्मिलित 45 जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान यह प्रयास है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सहजता से शासन की योजना का लाभ पहुंचे। योजनाओं को लेकर किसी भी प्रकार का भटकाव नहीं हो। हम हितग्राही की आवाज बने और पहल कर उन्हें योजना का लाभ दें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों को पूरी संवेदना के साथ अभियान का क्रियान्वयन करने के लिए कहा है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत बंजारी एवं बरहाई शिविर आयोजित किए गए। आज के शिविर में ग्राम पंचायत बम्हनी में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग 34, राजस्व विभाग 62, खाद्य विभाग 9, महिला बाल विकास विभाग 35, बिजली विभाग 2, पशु पालन विभाग 9 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत बंजारी में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग 22, विद्युत विभाग 7, राजस्व विभाग 11, पी एच ई 6, ग्राम पंचायत बरहाई में राजस्व विभाग 23,पी एच ई 4, महिला बाल विकास विभाग 47, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग 18, खाद्य विभाग 3, विद्युत विभाग 2, वन विभाग 1, शिक्षा विभाग 1, पशु पालन विभाग 5, स्वास्थ्य विभाग 1 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। विधायक ने प्रत्येक आवेदन को पोर्टल में दर्ज करने तथा समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यक्रम में सरपंच बम्हनी आकृति तिवारी, सरपंच बंजारी विक्रम सिंह, सरपंच बरहाई, तहसीलदार जाह्नवी शुक्ला, जनपद सीईओ सीधी अशोक तिवारी, नायब तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी, प्रमोद द्विवेदी, अमन पाठक, पुष्पराज सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी- कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## संपादकीय

# दुनिया में भारत की बढ़ी साख

भारत के लिए गर्व की बात है कि वह दिमाग की सामान्य संरचना से आगे बढ़ कर भ्रूण के मस्तिष्क के बारीक खंडों को देखने में समर्थ हो गया है।मनुष्य के शरीर का सबसे जटिल हिस्सा मस्तिष्क है। यह शरीर के बाकी हिस्सों पर कैसे नियंत्रण रखता है, यह कौतूहल ही नहीं, शोध का विषय भी रहा है। मानव मस्तिष्क के विकास को समझने के लिए वर्षों से अध्ययन होते रहे हैं। मगर दिमाग की गहरी परतों में उतर कर गुत्थियां सुलझाना इतना आसान नहीं रहा। भारत के लिए गर्व की बात है कि वह दिमाग की सामान्य संरचना से आगे बढ़कर भ्रूण के मस्तिष्क के बारीक खंडों को देखने में समर्थ हो गया है।यों मस्तिष्क संबंधी जटिलताओं के लिए हमारे पास एमआरआइ जैसी तकनीक पहले से है। वहीं मस्तिष्क की गतिविधियों को जानने के लिए 'ब्रेन मैपिंग' तकनीक भी है। मगर अब हम इस दिशा में कई कदम आगे बढ़ गए हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास ने आधुनिक ब्रेन मैपिंग तकनीक से भ्रूण के मस्तिष्क की विस्तृत थ्री डी तस्वीर जारी कर सभी को चौंका दिया है।यह दुनिया में पहली बार है, जब अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से 5,132 मस्तिष्क खंडों को डिजिटल तस्वीरों में उतारा गया है। प्रौद्योगिकी सीमाओं से परे जाकर हमारे वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं ने चिकित्सा विज्ञान में इतिहास रच दिया है। आइआइटी, मद्रास अब एलन मस्तिष्क संस्थान की कतार में आ गया है।यह इस मायने में भी बड़ी उपलब्धि है कि अब भ्रूण के विकास के पहले चरण में ही बीमारियों का जल्द पता लग जाएगा। वहीं मस्तिष्क संबंधी तमाम विकारों पर नियंत्रण आसान होगा। मस्तिष्क खंड की छोटी से छोटी डिजिटल तस्वीरें तंत्रिका विज्ञान के क्षेत्र में काम कर रहे चिकित्सकों की सहायता करेंगीं। इससे वे सटीक उपचार कर सकेंगे।उम्मीद कर सकते हैं कि मस्तिष्क कैंसर, ट्यूमर और मिर्गी के साथ तमाम बीमारियों और मनोविकारों की तह में जाने में अब मुश्किल नहीं होगी। तकनीक के इस नए विस्तार के बाद मरीजों को बेहतर और शीघ्र इलाज मिलने की उम्मीद है। वहीं ब्रेन मैपिंग होने से किसी गंभीर अपराध में पकड़े गए आरोपियों की दिमागी हलचल को बारीकी से समझा जा सकेगा।इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत अब मस्तिष्क मानचित्रण में अमेरिका के समकक्ष है।

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के साथ-साथ पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों को फटकार लगाई क्योंकि राज्य प्रदूषण विरोधी उपायों को लागू करने में विफल रहे। यह ऐसे समय में हुआ है जब दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता बहुत खराब बनी हुई है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मामले की सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत की पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा खेतों में लगी आग को बुझाने के प्रयासों को मात्र दिखावा करार दिया। हवा की गुणवत्ता खराब होने का एक स्पष्ट कारण पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्यों में पराली जलाने की बार-बार होने वाली घटनाएँ हैं।**

# गडकरी बताएं दिल्ली-एनसीआर के लोग आखिर कहां जाएं

**(योगेंद्र योगी)**

देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली हर तरह के जानलेवा प्रदूषण की शिकार है। वाहनों और फैक्ट्री के धुएं से होने वाला प्रदूषण, यमुना का प्रदूषण और घरों-प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का प्रदूषण। तीनों तरह के प्रदूषण का बोझ उठाने के लिए दिल्ली अभिशप्त हो चुकी है।

देश की राजधानी दिल्ली का प्रदूषण इतना खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दिल्ली आने से घबराते हैं। गडकरी ने कहा कि स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने से वे दिल्ली आने से कतराते हैं। गडकरी मंत्री हैं। उनके पास साधन और सुविधाएं हैं। वे कहीं भी आसानी से आवागमन कर सकते हैं। सवाल दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र (एनसीआर) के करोड़ों लोगों के जीवन का है। इतने लोग अपना कामकाज, घरबार छोड़ कर कहां जाएं। प्रदूषण के धीमे जहर को पीना उनकी मजबूरी बन गई है। ज्यादातर सांसदों, मंत्रियों पर अकूत दौलत है। उनके लिए प्रदूषण से बचने के लिए कहीं भी देश में सरकारी खर्च पर आना-जाना आसान हैं। वैसे भी नेताओं को संसद और विधानसभा को सुचारू चलाने की ज्यादा इक्षचता नहीं है। दिल्ली और एनसीआर के लोगों को सरकारी मशीनरी और नेताओं के नाकारपन का अभिशाप झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है।

देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली हर तरह के जानलेवा प्रदूषण की शिकार है। वाहनों और फैक्ट्री के धुएं से होने वाला प्रदूषण, यमुना का प्रदूषण और घरों-प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का प्रदूषण। तीनों तरह के प्रदूषण का बोझ उठाने के लिए दिल्ली अभिशप्त हो चुकी है। दिल्ली में केंद्र भाजपा गठबंधन की और राज्य में आप की सरकार मौजूद हैं। इससे पहले दिल्ली में लंबी अवधि तक कांग्रेस का शासन रहा है। प्रदूषण से निपटने में सभी राजनीतिक दल नाकाम रहे हैं। दिल्ली में कचरे का पहाड़ आज भी नेताओं के दावों-वादों को मुंह चिढ़ा रहा है। हिंदू-मुस्लिम विवाद और भ्रष्टाचार की तरह प्रदूषण नेताओं के लिए कभी चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया। जब कभी प्रदूषण का मुद्दा उठता भी है तो केंद्र और दिल्ली की सरकार गेंद एक-दूसरे के पाले में डाल कर अपनी जिम्मेदारी से बरी हो जाती हैं। यही वजह है कि दिल्ली और एनसीआर की आबोहवा इतनी बिगड़ चुकी है कि सांस लेना भी दुभर हो रहा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक दिल्ली में रहने वाले कम से कम 10 सिगरेट जितना प्रदूषण हर दिन लेने को विवश हैं। सुप्रीम कोर्ट



और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण जैसी संवैधानिक स्वतंत्र संस्थाए भी तमाम प्रयासों के बावजूद दिल्ली और एनसीआर के प्रदूषण से निपटने में प्रभावी भूमिका अदा नहीं कर सकी। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने अपने बयान में स्वीकार किया था कि दिल्ली में 50 प्रतिशत प्रदूषण वाहनों से निकलता है। गडकरी देश के परिवहन मंत्री हैं। ऐसे में सवाल यही उठता है कि आखिर प्रदूषण की विकराल समस्या से निपटने की जिम्मेदार किसकी है। जब देश का परिवहन मंत्री ही समस्या के समाधान से मुंह चुराने लगे तो अवाम किससे उम्मीद करे।

स्विस संगठन की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 में दिल्ली को सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाला राजधानी शहर बताया गया है। रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 2023 में 134 देशों में से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत की वायु गुणवत्ता तीसरी सबसे खराब की भविष्यवाणी की गई। राष्ट्रीय राजधानी को वर्ष 2018 से लगातार चार बार विश्व का सबसे प्रदूषित राजधानी शहर बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि अनुमान है कि भारत में 1.36 अरब लोग पीएम 2.5 की सांद्रता का अनुभव करते हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित वार्षिक दिशानिर्देश स्तर 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक है। दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण से खराब हालात में सुधार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रयास भी सरकारों के नाकारपन के कारण बौने साबित हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट दर्जनों बार फटकार लगा चुका है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सुनवाई दौरान कहा कि कोर्ट कमिश्नरों की रिपोर्ट में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। अदालत ने कहा कि सरकारी एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के बीच समन्वय की कमी है। साथ ही अदालत ने कहा कि दिल्ली में फिल्हाल ग्रैप-4 जारी रहेगा। दिल्ली सरकार, एमसीडी, डीपीसीसी, सीएक्यूएम और अन्य अधिकारियों के बीच समन्वय की पूरी तरह से कमी है। समन्वय सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग पर है। इसलिए ग्रैप-4 को लागू करने के लिए समन्वय हो। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के साथ-साथ पंजाब और हरियाणा की राज्य सरकारों को फटकार लगाई क्योंकि राज्य प्रदूषण विरोधी उपायों को लागू करने में विफल रहे। यह ऐसे समय में हुआ है जब दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता बहुत खराब बनी हुई है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मामले की सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत की पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा खेतों में लगी आग को बुझाने के प्रयासों को मात्र दिखावा करार दिया। हवा की गुणवत्ता खराब होने का एक स्पष्ट कारण पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे कृषि प्रधान राज्यों में पराली जलाने की बार-बार होने वाली घटनाएँ हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने 23 अक्टूबर को पर्यावरण कानूनों को शक्तिहीन बनाने के लिए केंद्र की आलोचना की और कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अधिनियम के तहत पराली जलाने पर दंड से संबंधित प्रावधानो को लागू नहीं किया गया है।

मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रावधान को लागू करने के लिए कोई आवश्यक तंत्र बनाए बिना ही अधिनियम लागू कर दिया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अनुसार भारत में हर साल पैदा होने वाले 22 मिलियन टन चावल के ठूंठ में से लगभग 14 मिलियन टन पराली को आग के हवाले कर दिया जाता है।

यह पैदा होने वाले चावल के ठूंठ का लगभग 63.6 प्रतिशत है और हरियाणा और पंजाब में अकेले जलाई जाने वाली पराली का 48 प्रतिशत हिस्सा है। हालत यह है कि वोटों के डर से राज्य और केंद्र की सरकारें पराली जलाने पर पूरी तरह रोक नहीं लगा पा रही हैं। राजनीतिक दलों के लिए किसानों का वोट बैंक आम लोगों के जीवन पर भारी पड़ रहा है। यही वजह है कि पराली जलाने की हर साल होने वाले घटनाओं के बावजूद कोई भी सरकार सख्त कदम उठाने से हिचकिचाती है। यहां तक की सरकारें वोटों के लालच में लगातार अदालत के निर्देशों की अवहेलना कर रही हैं। कुछ दिन पहले हरियाणा सरकार ने कथित तौर पर कैथल जिले में पराली जलाने के आरोप में 18 किसानों को गिरफ्तार किया था। ऐसी गतिविधियों पर लगाम लगाने में विफल रहने के कारण राज्य के कृषि विभाग के करीब 24 अधिकारियों को निलंबित भी किया गया था। गौरतलब है कि हजारों किसान पराली हर साल जलाते हैं। इसके बावजूद कुछ किसानों की गिरफ्तारी महज दिखावा है। केंद्र सरकार ने 2022 में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर राज्यों में फसल अवशेषों के इन-सीटू प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने की योजना शुरू की। पंजाब को पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए 2018-22 के दौरान इस योजना के तहत 1,387.6 करोड़ रुपये से अधिक मिले। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 22 अक्टूबर को पंजाब सरकार को निर्देश दिया कि वह बताए कि राज्य में धान की पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के लगातार प्रयासों के बावजूद प्रदूषण से बिगड़े हालात में ज्यादा सुधार नहीं हुआ है। दरअसल नौकरशाह नेताओं के इशारों पर काम करते हैं। नेता वोट के कारण किसानों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने से कतराते हैं। यह निश्चित है विश्व में प्रदूषण को लेकर बदनाम हो चुकी राजधानी के हालात सुधारने के लिए जब तक अदालतें नौकरशाहों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं करेंगी, तब तक इनकी प्रवृत्ति में सुधार संभव नहीं है।

# ट्रंप बढ़ाएंगे टैरिफ, भारत का क्या होगा

**अमेरिका के अंतर्मुखी होने से बाकी दुनिया पर से उसके बादल हट जाएंगे और अन्य तमाम देश आपस में अधिक व्यापार व निवेश करके निश्चित तौर पर समृद्धि हासिल करेंगे। इसमें ब्रिक्स की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। इसी वजह से ट्रंप का ब्रिक्स पर निशाना साधना उनके लिए सही है। ट्रंप के माध्यम से हम एक सुनहरी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर बढ़ सकते हैं। तात्कालिक समस्याओं के बावजूद ट्रंप मूल रूप से भारत और विश्व के भविष्य के लिए लाभप्रद साबित होंगे। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

**(भरत झुनझुनवाला)**

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि यदि ब्रिक्स देश अपनी अलग मुद्रा बनाने का प्रयास करते हैं, तो सभी सदस्य मुल्कों पर 100त्न आयात कर लगा दिया जाएगा। यह धमकी निष्प्रभावी है, क्योंकि ब्रिक्स देशों द्वारा एक अलग मुद्रा बनाना संभव नहीं। यूरोपीय यूनियन ने साझा मुद्रा यूरो बनाने के साथ-साथ सभी देशों के नागरिकों को एक दूसरे के यहां जाकर काम करने की छूट भी दी थी। ब्रिक्स के सदस्य- भारत, चीन, रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और दूसरे देश इस तरह की छूट नहीं देंगे। ऐसे में अलग करंसी नहीं बनाई जा सकती। इसके बाद भी ट्रंप द्वारा आयात कर बढ़ाने की बात गंभीर है।

**घरेलू उद्योग पर फोकस** – ट्रंप ने भारत को आयात कर का राजा बताया है और मेक्सिको व कनाडा पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही है। याद करें, ट्रंप के पिछले दौर में भारत के कई सामान को जनरल सिस्टम ऑफ प्रिफरेंसेस से हटा लिया गया था। इसके तहत, बिना आयात कर दिए अमेरिका में प्रवेश की छूट थी। नए कार्यकाल में ट्रंप निश्चित तौर पर सभी देशों पर इंपोर्ट टैक्स बढ़ाएंगे, ताकि अमेरिका में घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन मिले।

**भारत के लिए मुश्किल** – ट्रंप के इस कदम का भारत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हमारे आईटी, दवा, कपड़े और जूते जैसे निर्यात प्रभावित होंगे। ॥1ङ्कवीजा में कटौती से भारतीय नागरिकों के लिए अमेरिका में काम करना कठिन हो जाएगा। उनके द्वारा भारत को रेमिटेंस कम भेजी जाएगी। ट्रंप द्वारा अमेरिकी कंपनियों को अमेरिका में ही उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके कारण विश्व की पूंजी का अमेरिका की तरफ पलायन होगा। इन तथ्यों को देखते हुए यूनियन बैंक



ऑफ स्विट्जरलैंड ने अनुमान लगाया है कि ट्रंप के कदमों के कारण भारत की विकास दर में 0.5 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

**व्यापारिक पहलू** – कयास लगाया जा रहा है कि ट्रंप के निशाने पर मुख्य रूप से चीन और रूस हैं, भारत नहीं। सामरिक दृष्टि से यह बात सही है। भारत मूल रूप से अमेरिका के साथ है। ट्रंप के निशाने पर चीन इसलिए है क्योंकि वह भारी मात्रा में अमेरिका को माल का निर्यात करता है। इससे अमेरिकी उद्योग ठंडे पड़े हुए हैं। ट्रंप को सामरिक समस्या कम और सभी देशों से होने वाले आयातों से समस्या ज्यादा है। इसलिए ऐसा सोचना सही नहीं कि ट्रंप, चीन पर इंपोर्ट टैक्स बढ़ाएंगे, जबकि भारत को छोड़ देंगे। ट्रंप का मूल उद्देश्य अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है और इस हिसाब से भारत व चीन एक बराबर हैं।

**अमेरिका में होगी महंगाई** – ट्रंप की पॉलिसी विदेशी व्यापार के सिद्धांत के विपरीत है और टिकाऊ नहीं होगी। विदेशी व्यापार इसलिए किया जाता है कि जो देश जो माल सस्ता बना सकता है, उसका उत्पादन करे और दूसरे उससे खरीदें। जैसे- भारत में बासमती चावल का उत्पादन सस्ता है, जबकि अमेरिका में अखरोट का। ऐसे में भारत चावल भेजे और अमेरिका अखरोट। ऐसे दोनों देशों के नागरिकों को सस्ता सामान मिल जाएगा। लेकिन, ट्रंप की पॉलिसी का नतीजा यह होगा कि अमेरिका को भारत और दूसरे देशों से जो सस्ती दवाएं, कपड़े, चावल वगैरह मिलते हैं, वे बंद हो जाएंगे। अमेरिकी नागरिकों को महंगा माल खरीदना पड़ेगा और उनके जीवन स्तर में गिरावट आएगी।

**जवाब मिलेगा** – ट्रंप की नीति के जवाब में दूसरे देश भी चुप नहीं बैठेंगे। मेक्सिको के राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा है कि उनका देश भी अमेरिकी सामानों के आयात पर टैक्स बढ़ाएगा। इससे अमेरिका का निर्यात घटेगा और साथ में रोजगार भी। फिर भी, संभव है कि अमेरिका में घरेलू बाजार के लिए उत्पादन बढ़ने से अमेरिकी नागरिकों को नौकरियां मिलें, लेकिन मेरा आकलन है कि यह प्रभाव देर से और न्यूनतम होगा। इसलिए ट्रंप की पॉलिसी का अमेरिका में ही विरोध होगा, जैसे ब्रिटेन में ब्रेक्जिट के बाद हो रहा है।

**गलत कदम** – व्यापार में अपने देश पर फोकस करने की यह पॉलिसी अगर सही होती, तो सारे देश ऐसा करके अपनी जनता का हित कर सकते थे। हालांकि ऐसा नहीं हुआ है और कमोबेश सभी मुल्कों ने विदेश व्यापार को स्वीकार किया है। ट्रंप के कदमों का अमेरिका पर जो भी प्रभाव पड़े, लेकिन भारत समेत दूसरे देशों पर नकारात्मक असर होगा।

**भारत के लिए मौका** – इन समस्याओं के बावजूद ट्रंप भारत के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। जैसे बरगद के पेड़ के नीचे छोटे पौधे नहीं पनपते, उसी प्रकार अमेरिकी अर्थव्यवस्था के बादल के नीचे भारत जैसे दूसरे देश पनप नहीं रहे हैं। यही कारण है कि डॉलर के वर्चस्व का दूसरे देशों द्वारा विरोध किया जा रहा है।

## वर्ग पहेली 5581

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | | 9 | | | |
| | | 10 | 11 | | | | |
| 12 | 13 | | | | 14 | 15 | |
| | 16 | 17 | | | 18 | | |
| 19 | | | | 20 | | | 21 |
| 22 | | | 23 | | | 24 | |
| | 25 | | | | | | |

संकेतः बाएं से दाएं
1. 1923 को जन्में बॉलीवुड के एक महान पार्श्व गायक (3)
4. महात्मा गांधी ने केवल एक बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन की 1924 में यहां अध्यक्षता की (4)
8. अफसोस, रंग, पश्चाताप (3)
9. अटकल, आंकलन (4)
10. गेरूआ, केसरिया (3)
12. फतह, विजय (2)
14. अमानत में खयानत (3)
16. पास, निकट, नजदीक (3)
18. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
19. बांस की चटाई (3)
20. वेश, परिधान, नाट्य वेश, प्रोत (2)
22. भाग्यशाली को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
23. अनलंकृत, फैशनहीन, सामान्य (2)
24. धब्बा (2)
25. लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष जो मध्यप्रदेश के राज्यपाल भी रह चुके है (5)

ऊपर से नीचे
1. सन 1960 से 1980 तक की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक (4)
2. कदरी, भगवान के भोग के निमित्त लगने वाले फलों में से एक (2)
3. कीटों का प्रकार, परवाना, पतंगा (3)
4. यह मध्यप्रदेश में बहने वाली एक नदी है (3)
5. सौ हजार की संख्या (2)
6. गमनशील, प्रस्थानशील, सृत्वर (2)
7. मनुहार, मन्नत, मनौति, खुशामद (4)
11. निर्धन, कंगाल, जिसके पास धन न हो (3)
13. ईश्वर या खुदा को यह भी कहते है (5)
14. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जॉर्जटाउन है (3)
15. एक प्रकार विस्फोटक पदार्थ का बना गोला (2)
17. एक दिवंगत चरित्र अभिनेत्री (2)
19. समूह, गुट, फूल की पंखुडी (2)
20. एक प्रकार की शुष्क मेवा (3)
21. घर्षण, घिसघिसाहट (3)
23. अभाजित, कुल, तमाम, अविभक्त (2)
24. अंगूर, किशमिश, द्राक्षा (2)

### वर्ग पहेली 5580 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | | ब | हु | त |
| ति | ल | क | मो | द | द | | मी |
| थि | | मं | | ती | रं | दा | ज |
| | सं | डे | | ला | ज | त | |
| क | | श | की | ल | | व्य | स्त |
| म | हा | न | | ने | क | | न |
| ब | ल | | रा | ह | | म | हा |
| ख्त | | आ | ब | रू | | स्त | र |

# जागो और जागरूक जीवन जिओ

**(सुंदरचंद ठाकुर)**

अगर हम कुछ नहीं जानते तो हम यह जानते हुए पूरा जीवन निकाल सकते हैं कि हम सब कुछ जानते हैं। लेकिन अगर हम वाकई जानते हैं तो हम यह मानेंगे कि हम कुछ नहीं जानते और पूरा जीवन कुछ सीखने की प्रयास करते रहेंगे। दुनिया में ज्यादातर लोग इस भ्रम का शिकार हैं कि वे सबकुछ जानते हैं। क्योंकि कुछ न जानते हुए भी उन्हें लगता है कि वे सबकुछ जानते हैं इसलिए वे हमेशा टकराव में बने रहते हैं। उनके साथ भी जो उनकी तरह कुछ नहीं जानते और समझते हैं कि सब जानते हैं और उनके साथ भी जो वाकई जानते हैं। ज्ञान की आंखों के खुलने का पहला प्रमाण यह अनुभूति है कि हम कुछ नहीं जानते।

एक बार एक व्यक्ति एक जेन साधु के पास पहुंचा। वह उस साधु से बहुत कुछ सीखना चाहता था। कुछ देर बातचीत के बाद जेन साधु ने अपने उस मेहमान के लिए चाय मंगाई और वह केतली से कप में चाय उड़लने लगे। कप भर गया लेकिन फिर भी वे चाय उड़लते रहे। यह देखकर उस व्यक्ति के मुंह से निकला- अरे रे रे, ये क्या कर रहे हैं साधु महाराज। कप तो भर चुका है। अब आप उसमें चाय क्यों डालते जा रहे हैं।

उसकी बात सुनकर साधु रुके और बोले- यह मानते हो न कि कप में चाय डालने के लिए जरूरी है कि कप में जगह रहे। भरे हुए कप में चाय डालने से वह बाहर ही गिरेगी। वही बात मैं तुम्हें बताना चाहता था कि अगर मुझसे ज्ञान पाना चाहते हो, तो अपना दिमाग खाली करके आओ। उसमें पहले ही बहुत सारा ज्ञान भरा हुआ है। इस भरे दिमाग में मैं जो भी ज्ञान दूंगा वह बाहर ही गिरेगा।

जिसने भी अपने जीवन को जाना उसने जागने की बात की। जागने की क्रिया शुरू ही इस अहसास से होती है कि हम कुछ नहीं जानते। इस संसार में लोग कई-कई तरह की बेहोशी के मारे हैं। किसी को अपने शारीरिक सौष्ठव का नशा है। वह शरीर को ही सबकुछ मानने की बेहोशी में जीवन जिए जा रहा है। किसी को अपने खानदान के मान-सम्मान, उसकी धन-संपदा का नशा है। वह मान-सम्मान और धन-संपदा की बेहोशी में जिए जा रहा है। किसी को अपने ताकतवर पद का नशा है। वह पद की बेहोशी में जिए जा रहा है। यह अधूरा जीवन है। जब तक आप हर तरह के नशों से, हर तरह की बेहोशी से मुक्त नहीं हो जाते, तब तक आप अधूरा जीवन जीते हैं। जीवन का कमल जब पूरी तरह खिल जाता है, तो उसकी सुंदरता ही कुछ और हो जाती है। वह इतना सुंदर होता है कि सारी आंखें उसी ओर उठने लगती हैं।

एक जागा हुआ जीवन जिम्मेदारियों से भरा हुआ जीवन होता है। अपने प्रति जिम्मेदारी। अपने से जुड़े लोगों के प्रति जिम्मेदारी। समाज, राष्ट्र और इस पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी। बुद्ध इस हद तक का जागा हुआ जीवन जीना चाहते थे कि एक बार आनंद के साथ चलते हुए अचानक एक मक्खी उनके चेहरे के आगे आकर भिनभिनाई तो उन्होंने झटके से हाथ से उसे उड़ा दिया। कुछ आगे जाने के बाद उन्होंने मक्खी उड़ाने का फिर से वही एक्शन किया पर इस बार हाथ को बहुत धीमे से उठाकर घुमाया। आनंद ने देखा तो पूछा- हे बुद्ध, पहले तो आपने मक्खी उड़ाने के लिए हाथ घुमाया था, पर अभी तो कोई मक्खी न आई थी, फिर क्यों हाथ घुमाया।

बुद्ध बोले- जब मक्खी आई तो मैंने अनायास बेहोशी में हाथ हिला दिया। मैं जरा होश में और पूरे बोध में रहकर हाथ हिलाने का अभ्यास कर रहा था। आज इसी बोधपूर्ण, इसी जागरूक जीवन की जरूरत है। एक बार जीवन में ऐसा जागरण आ गया, तो अपने आप सारी मुश्किलें, सारी समस्याएं दूर होने लगेंगी। और यह लाभ सिर्फ आप तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि आपसे जुड़े लोगों और जगत तक भी पहुंचेगा।

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन तरक्की से भरा होगा और आपको खुशी का अनुभव होगा। नौकरी के साथ-साथ पार्ट-टाइम बिज़नस के लिए भी समय निकाल लेंगे और आपकी सभी महत्वाकांक्षाएं पूरी होंगी, इसलिए प्रयास जारी रखें तो कामयाबी आपको मिलेगी। संघर्ष के बाद आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### वृष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य साथ देगा। सम्मान बढ़ेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। जीवन स्तर में सुधार होगा और आपकी तरक्की होगी। परिवार के साथ वीकेंड एन्जॉय करने के लिए शॉपिंग पर जा सकते हैं। फालतू खर्च से बचें और सिर्फ़ ज़रूरत का सामान ही खरीदें।

### मिथुन
आज करियर में लाभ होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपके धन में वृद्धि होगी। आपकी अप्रत्याशित उन्नति देखकर सब हैरान होंगे। आज का दिन उपलब्धियों से भरा रहेगा। कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और खुशी बढ़ेगी।

### कर्क
आज दिन सामान्य रहेगा। परिवार में किसी की चिंता आपको परेशान कर सकती है। आपको रुपये-पैसे के मामले में कोई फैसला काफी सोचकर लेना चाहिए। सबकी सहमति हो तो स्थान परिवर्तन के बारे में सोच सकते हैं। नए स्थान पर जाकर कुछ नया करने के बारे में विचार करें।

### सिंह
आज आर्थिक मामलों में दिन मिलाजुला होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। कारोबार की चिंता आपको परेशान कर सकती है और इस कारण से आपको उलझन महसूस होगी। पिछले कुछ दिनों से कारोबार नियमित नहीं है और कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा और हर कार्य में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको मेहनत से किए गए काम में सफलता मिलेगी और भाग्य में वृद्धि होगी। हर कार्य को उत्साह के साथ पूरा करें और आपका समय लाभ में बीतेगा। आपको कुछ समय बाद कुछ नया हासिल होगा और रुके हुए काम पूरे होने से मन प्रसन्न होगा।

### तुला
आज करियर को लेकर परेशान रहेंगे और चिंतित रहेंगे और काम में मन नहीं लगेगा। कुछ परेशानियां बिना वजह सामने आ सकती हैं। सावधान रहें और काम पर ध्यान दें। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में विरोधियों से सावधान रहें। आपके पीछे कोई आपके खिलाफ साजिश कर सकता है।

### वृश्चिक
आज भाग्य साथ दे रहा है। अचानक मिले शुभ समाचार से खुशी होगी और आपकी तरक्की होगी। कारोबार में योजनाओं की सफलता से मन आनंदित रहेगा। व्यवसाय के तनाव को खुद पर हावी न होने दें। नई योजनाएं सफल होंगी और कारोबार में कुछ नए तरीके आजमाने से आपको लाभ और सफलता प्राप्त होगी।

### धनु
आज लाभ होगा और आपके लिए दिन सफलता से भरा रहेगा। आपको रुका हुआ धन मुश्किल से मिलेगा और आपको इसके लिए काफी मेहनत भी करनी पड़ सकती है। रोजमर्रा के काम में लापरवाही न करें। वरना आपका नुकसान हो सकता है। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपकी तरक्की होगी।

### मकर
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार मिलते रहेंगे। दोस्तों के साथ समय बिताने से मन हल्का होगा। व्यर्थ के झंझटों से बचें। धार्मिक स्थानों की यात्रा का योग बन सकता है। मामा पक्ष से सहयोग मिलेगा। फालतू खर्च से बचें।

### कुंभ
आज भाग्य साथ दे रहा है। लाभ और प्रसन्नता में आपका दिन बीतेगा। आयात-निर्यात का व्यवसाय शुरू करने का निर्णय हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा और मांगलिक कार्यक्रमों का योग बन रहा है। समय का सदुपयोग करने से सफलता मिलेगी। किस्मत साथ देगी और दिन आनंद में बीतेगा।

### मीन
आज लाभ होगा और दिन उन्नति से भरा होगा। उन्नति के कई रास्ते खुलेंगे और किस्मत साथ देगी। पढ़ाई और आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। विवाद खत्म होंगे। छिपे हुए दुश्मनों और ईर्ष्यालु लोगों से सावधान रहें। किसी को उधार पैसा न दें, वापस नहीं मिलेगा। माता-पिता और गुरु की सेवा करें, और पूजा-पाठ भी करें।

# संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों के प्रति हम आभारी हैं : मुर्मू



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 2001 में आज के ही दिन संसद की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि राष्ट्र उनके प्रति बेहद आभारी है। मुर्मू ने आतंकवाद से लड़ने के भारत के अटूट संकल्प को दोहराते हुए कहा कि राष्ट्र आतंकवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट है। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने 2001 में आज ही के दिन संसद परिसर पर हमला किया था, जिसमें नौ लोग मारे गए थे। सुरक्षा बलों ने सभी पांच आतंकवादियों को भी मार गिराया था। राष्ट्रपति ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' मैं उन वीरों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने 2001 में आज ही के दिन हमारी संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनका साहस और निस्वार्थ सेवा हमें प्रेरित करती रहेगी। राष्ट्र उनके और उनके परिवारों के प्रति हृदय से आभारी है।'' उन्होंने कहा, '' इस दिन मैं आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के अटूट संकल्प को दोहराती हूं। हमारा देश आतंकवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट है।

राष्ट्रपति ने कहा, उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में लिखा मैं उन वीरों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने 2001 में आज के दिन हमारी संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनका साहस और निस्वार्थ सेवा भाव हमें प्रेरित करता रहेगा। राष्ट्र उनके और उनके परिवारों के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहेगा। इस दिन, मैं आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के अटूट संकल्प को दोहराती हूं। हमारा देश आतंकवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा, 13 दिसंबर 2001 को लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र के गौरव की रक्षा करने वाले मां भारती के वीर सपूतों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। देश का कण-कण अपने बहादुर लालों के बलिदान का युगों-युगों तक ऋणी रहेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर वर्ष 2001 में हुए कायराना आतंकी हमले को विफल कर मां भारती के मान की रक्षा करने वाले वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि। देश की संप्रभुता और स्वाभिमान को अक्षुण्ण रखने हेतु आपके सर्वोच्च बलिदान के प्रति यह राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा।

वहीं, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पोस्ट करते हुए लिखा, संसद भवन पर आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब देकर देश के सम्मान और स्वाभिमान के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले मां भारती के अमर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। जवानों का पराक्रम और बलिदान देश के शौर्य इतिहास में सदैव स्वर्णिम अध्याय के रुप में युवाओं को प्रेरणा देता रहेगा। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने लिखा कि 2001 में संसद भवन पर हुआ कायरतापूर्ण आतंकी हमला हमारे राष्ट्र की संप्रभुता व स्वाभिमान को घायल करने का कुत्सित व असफल प्रयास था। लोकतंत्र के इस पवित्र मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को कोटि-कोटि नमन। आपका त्याग व बलिदान युगों-युगों तक स्मरणीय रहेगा।


## मेरे कार्यकाल के दौरान मुझ पर कई निजी हमले हुए : उपराज्यपाल सक्सेना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान कई तरह के आरोपों और निजी हमलों का सामना करना पड़ा है, लेकिन इन चुनौतियों ने उन्हें कभी भी मजबूत फैसले लेने से नहीं रोका। दिल्ली में गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईयू) के रजत जयंती और स्थापना दिवस समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाधाओं के बावजूद शहर की बेहतरी के लिए काम करने की उनकी प्रतिबद्धता दृढ़ रही है।

उन्होंने कहा, ''याद रखें, समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले निर्णय लेना आसान नहीं होता। आपको यथास्थिति बनाए रखने में निहित स्वार्थ वाले लोगों से अनुचित आलोचना और चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। सक्सेना ने छात्रों से कहा, एक कहावत है : 'बड़े फैसले लेते समय डर लगना स्वाभाविक है, लेकिन डर के कारण काम न करना गलत कदम है।'' उपराज्यपाल ने दावा किया कि पिछले ढाई साल में, ''मुझे वह काम करने से रोकने के कई प्रयास हुए हैं, जिसे मैं अच्छा मानता हूं।'' उन्होंने कहा, मुझ पर कई तरह के आरोप और व्यक्तिगत हमले किए गए। लेकिन दिल्ली और इसके निवासियों की बेहतरी के लिए काम करने की मेरी प्रतिबद्धता मजबूत रही। यही कारण है कि मैं कभी रुका नहीं और अपने लक्ष्य की दिशा में काम करता रहा हूं।

## अजमेर की दरगाह शरीफ को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य : सैयद सरवर चिश्ती

**अजमेर, एजेंसी।** अजमेर की दरगाह शरीफ को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का अंजुमन सैयद जादगान के सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने स्वागत किया। उन्होंने गुरुवार को कहा कि लोगों का न्यायपालिका पर यकीन दोबारा बहाल हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय ने प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर सुनवाई करते हुए मंदिर-मस्जिद से जुड़े नए मुकदमे दाखिल करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही सर्वे पर भी स्टे लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सैयद सरवर चिश्ती ने कहा, कोर्ट ने केंद्र सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। चार सप्ताह बाद वह क्या रुख पेश करती है, यह देखने वाली बात होगी। लेकिन चार सप्ताह तक वे कोई सर्वे नहीं करा सकते। कोर्ट का यह फैसला स्वागत योग्य है।



उन्होंने कहा, निचली अदालत में एक ही दिन के अंदर जिस तरीके से फैसले आ रहे थे। लोगों का कोर्ट से विश्वास खत्म होता जा रहा था। लेकिन लोगों को न्यायपालिका पर दोबारा यकीन बहाल हुआ है। सभी को कोर्ट और कानून पर भरोसा होता, लेकिन वो डगमगा रहा था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के अध्यक्ष सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने वर्शिप एक्ट-1991 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि जब तक हम इस मामले पर सुनवाई कर रहे हैं, तब तक देश में धार्मिक स्थलों को लेकर कोई नया मामला दाखिल नहीं किया जाएगा, जो केस पेंडिंग हैं, कोर्ट उसमें फैसले नहीं सुनाएगा। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय के निर्णय के लिए तमाम वकीलों को धन्यवाद। हम इसका स्वागत करते हैं। यह समय की जरूरत थी। इससे देश में अम्न की नई शुरुआत न्यायालय के आदेश से हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने मामले में अदालत में हाजिर नहीं हुई कंगना रनौत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अभिनेत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद कंगना रनौत 2020-21 के किसान आंदोलन पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में बृहस्पतिवार को एक सांसद/विधायक (एमपी/एमएलए) अदालत में सुनवाई के लिये हाजिर नहीं हुईं। वादी के वकील के अनुसार अदालत ने अब रनौत को एक नोटिस जारी कर 24 दिसंबर को पेश होने का निर्देश दिया है। यह मामला भारतीय किसान यूनियन (किसान शक्ति) के नेता गजेंद्र शर्मा ने दायर किया था। शर्मा ने आरोप लगाया था कि रनौत की टिप्पणियों ने उन किसानों का अपमान किया है, जो कृषि कानूनों (जो अब रद्द किए जा चुके) का विरोध कर रहे थे। मुकदमे में शर्मा ने आरोप लगाया कि रनौत ने किसानों को ''खालिस्तानी'' और हाल ही में ''बलात्कारी'' और ''हत्यारे'' कहा। शर्मा ने पहले कहा था, ''हम उनके बयानों की निंदा करते हैं और हम जरूरत पड़ने पर उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार हैं।

### महाराष्ट्र : ठाणे जिले में रेत से भरा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, चालक को मामूली चोटें आई



**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शुक्रवार तड़के रेत से लदे एक ट्रक के एक अन्य मालवाहक वाहन से टकरा जाने के कारण ट्रक चालक घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब चार बजकर 45 मिनट पर मुंब्रा बाईपास रोड पर टोल बूथ के पास हुई। हादसे के कारण करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। अधिकारी ने बताया कि ट्रक 28 टन रेत लेकर गुजरात से रायगढ़ जिले के कर्जत जा रहा था। उन्होंने बताया कि चालक रियाज अहमद (48) ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और ट्रक ढलान पर एक अन्य वाहन से टकरा गया। अधिकारी ने बताया कि अहमद, ट्रक के केबिन में फंस गया था और उसे अग्निशमन तथा नगर निगम के कर्मियों ने बचाया। उसके पैर और सिर में मामूली चोटें आई हैं।

### इंजीनियर राशिद के खिलाफ दर्ज आतंकवाद-वित्तपोषण मामले पर सुनवाई कर सकती है दिल्ली की अदालत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत 19 दिसंबर को यह तय कर सकती है कि जम्मू-कश्मीर से सांसद इंजीनियर राशिद के खिलाफ आतंकवाद-वित्तपोषण मामले को सांसदों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए नामित विशेष अदालत को स्थानांतरित किया जाए या नहीं। मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को होनी थी, लेकिन मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश के छुट्टी पर होने के कारण स्थगित कर दी गई। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 27 नवंबर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल कुमार यादव को सूचित किया था कि वह रशीद के खिलाफ आतंकवाद-वित्तपोषण मामले की सुनवाई कर रही अदालत को विशेष अधिकार देने का अनुरोध करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख कर सकती है। इससे पहले, राशिद और एनआईए के वकील ने संयुक्त रूप से मामले की सुनवाई अदालत में ही होने देने का अनुरोध किया था। राशिद ने इस साल हुए लोकसभा चुनाव में बारामूला से जीत हासिल की थी।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक को लोकतंत्र पर हमला करार दिया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक को मंजूरी दिए जाने की आलोचना करते हुए इसे 'संसदीय लोकतंत्र और भारत के संघीय ढांचे पर हमला' करार दिया। उन्होंने इसे राज्यों के अधिकारों को कमजोर करने के उद्देश्य से एक 'भयावह साजिश' बताया। सिद्धरमैया ने चेतावनी दी कि अगर आवश्यक हुआ तो उनकी सरकार केरल सरकार की तरह ही प्रस्ताव का विरोध करने के लिए कांग्रेस आलाकमान से परामर्श करेगी। सिद्धरमैया ने केंद्र के इस कदम की निंदा करते हुए कहा कि मौजूदा चुनावी प्रणाली में तत्काल सार्थक सुधारों की आवश्यकता है और इस तरह के विधेयक को पेश करने से लोकतंत्र की नींव और भी 'कमजोर' होगी।

### भारत की समृद्ध समुद्री विरासत के अध्ययन पर सरकार का जोर : सोनोवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार भारत की समृद्ध समुद्री विरासत पर फिर से अकादमिक ध्यान केंद्रित करने की गंभीर कोशिश कर रही है। सोनोवाल दो-दिवसीय भारतीय समुद्री विरासत सम्मेलन (आईएमएचसी)-2024 के अंतिम दिन 11 देशों के प्रतिनिधियों एवं अन्य प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। सोनोवाल ने कहा, भारत के पास समुद्री इतिहास की एक समृद्ध विरासत है। लेकिन दुर्भाग्य से दशकों तक यह उपेक्षित रहा।

## हरियाणा के पूर्व मंत्री ने ईवीएम के सत्यापन की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का रुख किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व मंत्री और पांच बार विधायक रहे करण सिंह दलाल ने 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) के सत्यापन के लिए नीति बनाने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स बनाम भारत संघ' मामले में शीर्ष अदालत द्वारा पहले दिए गए फैसले का अनुपालन करने का अनुरोध किया गया है। दलाल और सह-याचिकाकर्ता लखन कुमार सिंगला वोट हासिल करने के मामले में अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने निर्वाचन आयोग को ईवीएम के चार घटकों - 'कंट्रोल यूनिट', 'बैलट यूनिट', 'वीवीपीएटी' और 'सिंबल लोडिंग यूनिट' - की मूल ''बर्न मेमोरी'' या 'माइक्रोकंट्रोलर' की जांच के लिए प्रोटोकॉल लागू करने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया है।

दलाल और सिंगला ने कहा कि उनकी याचिका में चुनाव परिणामों को चुनौती नहीं दी गई है, बल्कि ईवीएम सत्यापन के लिए एक मजबूत तंत्र बनाए जाने का अनुरोध किया गया है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में चुनाव परिणामों को चुनौती देने वाली अलग-अलग याचिकाएं पहले से ही लंबित हैं। याचिकाकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह निर्वाचन आयोग को आठ सप्ताह के भीतर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दे।

## दिल्ली में गिरा पारा, बढ़ी ठंड, कोहरे और शीतलहर को लेकर अलर्ट



**नई दिल्ली , एजेंसी।** पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर राजधानी दिल्ली में देखने को मिल रहा है। पारा लगातार लुढ़क रहा है और आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक पहुंच सकता है। दिल्ली में गुरुवार को पिछले तीन सालों में सबसे ठंडा दिसंबर का दिन रहा। सुबह के वक्त हल्की कोहरे की चादर और ठंडी हवाओं से बचाव करने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने 14 दिसंबर से दिल्ली- एनसीआर में घने कोहरे के साथ-साथ कड़ाके की ठंड की संभावना भी जताई है।

नई दिल्ली स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, गुरुवार( 12 दिसंबर) को दिल्ली के पूसा में न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कई इलाकों में शीत लहर की भी स्थिति देखी गई। 12 दिसंबर को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक आने वाले हफ्तों में उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक आने वाले आज राष्ट्रीय राजधानी में शीतलहर चलेगी, जिसकी वजह से पारा लुढ़केगा और ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग ने शीतलहर को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने के भी निर्देश दिए हैं। आईएमडी के मुताबिक 14 दिसंबर को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया जाएगा। इस दौरान कोहरा भी लगा रहेगा। 15 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया जाएगा। वहीं, 18 और 19 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज होने की संभावना जताई गई है। जहां एक तरफ दिल्ली में शीतलहर की शुरुआत हुई है वहीं दूसरी तरफ वायु गुणवत्ता में खास सुधार देखने को नहीं मिल रहा है।

वेस्ट दिल्ली में एक्यूआई 308, शादीपुर में 202, पंजाबी बाग में 268, नॉर्थ कैंपस में 259, मुंडका में 301, वजीरपुर में 294, अशोक विहार में 289, द्वारका सेक्टर-8 में 313, रोहिणी में 316, आरके पुरम में 295, चांदनी चौक में 175, लोधी रोड में 173, बुरारी में 265, सोनिया विहार में 293 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

## पारो अभिनेत्री तृप्ति भोईर केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की सदस्य नियुक्त



**मुंबई, एजेंसी।** मराठी सिनेमा में काम करने वाली अभिनेत्री तृप्ति भोईर को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि के अलावा अभिनेत्री आगामी फिल्म 'पारो' में भी अभिनय करने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म एक दमदार ड्रामा है, और दुल्हन की गुलामी की दर्दनाक प्रथा पर प्रकाश डालती है। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता ताहा शाह बदुशा भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में वाशिंगटन डी.सी. में फिल्म की एक विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की, जिसने अपनी बेहतरीन कहानी और दमदार अभिनय के लिए व्यापक प्रशंसा अर्जित की।

संवेदनशीलता और धैर्य के साथ निर्देशित की गई यह फिल्म शोषणकारी प्रथाओं में फंसी महिलाओं के जीवन के बारे में है। फिल्म का वैश्विक महत्व तब सामने आया जब प्रतिष्ठित कान फिल्म महोत्सव में इसकी घोषणा की गई, जिसने इसके साहसिक विषय पर ध्यान आकर्षित किया। सीबीएफसी में शामिल होने की खबर पर अभिनेत्री ने एक बयान में कहा, सीबीएफसी में नियुक्त होना केवल एक पद नहीं है, यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। यह कलात्मक स्वतंत्रता को सांस्कृतिक अखंडता के साथ संतुलित करने के बारे में है, और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि सिनेमा हमें परिभाषित करने वाले मूल्यों का सम्मान करते हुए दर्शकों को प्रेरित करना जारी रखे। मुझे यह भूमिका सौंपने के लिए मैं सरकार की बहुत आभारी हूं, और मैं इस जिम्मेदारी को पूरी लगन के साथ निभाने का वादा करती हूं। तृप्ति भोईर सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली भूमिकाएं चुनने के लिए जानी जाती हैं। इस बार, उन्होंने 'पारो' में एक और अविस्मरणीय प्रदर्शन दिया है। संजय लीला भंसाली की ओटीटी डेब्यू 'हीरामंडी : द डायमंड बाजार' में अपने काम के लिए जाने जाने वाले ताहा शाह बदुशा ने अभिनेत्री को एक सूक्ष्म चित्रण के साथ पेश किया, जो फिल्म में गहराई लाता है।

अभिनेत्री ने मराठी फिल्मों, टेलीविजन धारावाहिकों और मराठी थिएटर में काम किया है। वह फिल्म 'अगदबम' में नाजुका की भूमिका से घर-घर में मशहूर हो गईं। तृप्ति हमेशा से कॉमेडी के साथ-साथ गंभीर भूमिकाएं निभाने में सहज रही हैं।

## न्यायाधीशों को फेसबुक का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, साधुओं की तरह रहना चाहिए और घोड़ों की तरह काम करना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि न्यायाधीशों को 'फेसबुक का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करना चाहिए' और साधुओं की तरह जीवन जीना चाहिए। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा दो महिला न्यायिक अधिकारियों की बर्खास्तगी से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि न्यायाधीशों को घोड़ों की तरह काम करना चाहिए और निर्णयों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि न्यायपालिका में दिखावटीपन के लिए कोई जगह नहीं है। अदालत ने कहा, न्यायिक अधिकारियों को फेसबुक पर नहीं जाना चाहिए। उन्हें निर्णयों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए क्योंकि कल अगर निर्णय का हवाला दिया जाता है, तो न्यायाधीश पहले ही किसी न किसी तरह से अपनी बात कह चुके होंगे। पीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा यह एक खुला मंच है। आपको साधुओं की तरह जीवन जीना होगा, घोड़े की तरह काम करना होगा। न्यायिक अधिकारियों को बहुत त्याग करना पड़ता है। पीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा, उन्हें फेसबुक पर बिल्कुल भी नहीं जाना चाहिए। इसी तरह के विचार दोहराते हुए, बर्खास्त महिला न्यायाधीशों में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आर बसंत ने कहा कि किसी भी न्यायिक अधिकारी या न्यायाधीश को न्यायिक कार्य से संबंधित कुछ भी पोस्ट करने के लिए फेसबुक पर नहीं जाना चाहिए। यह तब आया जब वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल, जो न्यायमित्र हैं, ने बर्खास्त महिला न्यायाधीश के खिलाफ विभिन्न शिकायतों के बारे में पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया। अग्रवाल ने पीठ को सूचित किया कि महिला न्यायाधीश ने फेसबुक पर भी एक पोस्ट किया था। शीर्ष अदालत ने पहले टिप्पणी की थी कि काश पुरुषों को मासिक धर्म होता, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले की निंदा करते हुए जिसमें राज्य में एक महिला न्यायाधीश को प्रदर्शन के आधार पर बर्खास्त कर दिया गया था और गर्भपात के कारण उसकी दुर्दशा पर विचार नहीं किया गया था।

## वन नेशन-वन इलेक्शन पर दिग्गजों ने कहा, देश के विकास के लिए जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कैबिनेट द्वारा वन नेशन-वन इलेक्शन को दी गई मंजूरी के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। इस मुद्दे पर गुरुवार को आईएएनएस से बात करते हुए कई दिग्गजों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने देश के विकास के लिए इसको जरूरी बताया।

भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा, केंद्रीय कैबिनेट का यह बहुत अच्छा फैसला है, कैबिनेट ने इसको मंजूरी दी। अब लोकसभा और राज्यसभा में इस पर चर्चा होगी। पूरे वर्ष चुनाव होते रहते हैं। लोकसभा खत्म हुआ तो हरियाणा, उसके बाद महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव हुए और अब दिल्ली के आ रहे हैं। चुनाव के दौरान ब्यूरोक्रेसी थम सी जाती है, ऐसे में यह एक वन नेशन-वन इलेक्शन सही फैसला है। ऐसे में संसद को इसके प्रारूप पर अच्छे से निर्णय लेना चाहिए। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, वन नेशन-वन इलेक्शन से पैसा बचेगा, जीडीपी में ग्रोथ होगी। आचार संहिता के कारण कई कार्यों की गति रुक जाती है। कई परियोजनाओं को रोका जाता है। ऐसे में देश को गति देने के लिए वन नेशन-वन इलेक्शन की जरूरत है। यी फैसला पहले ही हो जाना चाहिए था।



विपक्ष को घेरते हुए पासवान ने कहा, उनको किस बात पर ऐतराज होता है और नहीं होता है। जहां पर जीतते हैं, वहां पर ईवीएम सही रहती है और जहां पर हारते हैं, वहां खराब हो जाती है। इसी तरह चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हैं। सभी को वन नेशन-वन इलेक्शन का स्वागत करना चाहिए। हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने वन नेशन-वन इलेक्शन पर कहा, यह बहुत सही फैसला है। यह पहले ही लिया जाना था, लेकिन पूर्व की सरकारों ने इस पर नहीं सोचा। पीएम मोदी ने कई सारी नई चीजें की हैं। आचार संहिता लगने से विकास के काम रुक जाते थे। पीएम मोदी देश को आगे ले जाना चाहते हैं और सभी भारतीय को इसका स्वागत करना चाहिए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाथरस जाने पर स्थानीय भाजपा सांसद अनूप वाल्मीकि ने कहा, वह बड़े नेता हैं। उनको उन राज्यों में जाना चाहिए, जहां कांग्रेस की सरकार है। जहां तक हाथरस की बात है, पीड़ित परिवारों की मांग थी कि केस की जांच सीबीआई से कराई जाए और जो हमारी सरकार द्वारा कराई गई। जो भी दोषी पाए गए, उनके खिलाफ कार्रवाई हुई। लेकिन कोर्ट में निर्णय गया तो तीन लोग निर्दोष साबित हुए और एक पर चार्जशीट लगाकर उस पर कार्रवाई करने का काम हुआ। फिर मामला हाई कोर्ट गया, जहां पर केस विचाराधीन है। हाई कोर्ट का जो भी निर्णय होगा, उत्तर प्रदेश सरकार उसका पालन करेगी।

# गाबा पर इतिहास दोहराने उतरेगा भारत



**इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्टः**

**ब्रिसबेन, एजेंसी।** एडीलेड में मिली हार के बाद गाबा पर वापसी के इतिहास को दोहराने के इरादे से भारतीय टीम शनिवार से शुरू हो रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में जब आस्ट्रेलिया से खेलेगी तो नजरें रोहित शर्मा और विराट कोहली के बल्लों पर लगी होंगी। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के बाद ब्रिसबेन टेस्ट निर्णायक साबित हो सकता है।

भारतीय गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों की कमजोरी का फायदा उठाना चाहेंगे जिनके लिए ट्रेविस हेड दूसरे टेस्ट में संकटमोचक साबित हुए। स्टीव स्मिथ और कोहली दोनों ही लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गेंदबाजी में भारत के पास जसप्रीत बुमराह है जिसने श्रृंखला के बाकी सभी गेंदबाजों को अपने सामने बौना साबित कर दिया है। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अधिक सहयोग की जरूरत है। इसके साथ ही उन्हें रोहित और कोहली जैसे बल्लेबाजों से अच्छे रनों की भी दरकार है ताकि वह खुलकर गेंदबाजी कर सके। रोहित और कोहली के खराब फॉर्म को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और आधुनिक क्रिकेट के इन दोनों महानायकों के लिए यह टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा। उनकी गैर मौजूदगी में भारत ने 2021 में यहां वापसी करके शानदार जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दोनों पर उछाल और सीम से हमले बोले हैं और यहां भी पिच से अच्छी सीम मिलने की उम्मीद है। रोहित और कोहली के पास प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन इस समय फॉर्म साथ नहीं दे रहा। भारत के लिए सबसे बड़ी समस्या पहली पारी में निराशाजनक बल्लेबाजी रही है। पिछले एक साल में भारत में और विदेश में खेले गए टेस्ट में छह बार पहली पारी का स्कोर 150 या कम रहा है। रोहित और कोहली ने 2024-25 सत्र में पहली पारी में 6.88 और 10 की खराब औसत से रन बनाए हैं। कोहली ने पर्थ टेस्ट में शतक लगाया लेकिन रोहित से कप्तानी पारी का इंतजार है। रोहित के पास इतना अनुभव तो है कि वह बखूबी जानते हैं कि पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड जैसे शानदार गेंदबाजों को हर गेंद पर पीटा नहीं जा सकता। बाजू में खिंचाव के कारण एडीलेड टेस्ट से बाहर रहने के बाद हेजलवुड टीम में लौटे हैं। रोहित सफेद गेंद के बादशाह रहे हैं लेकिन अगर गाबा पर वह अच्छी पारी खेल जाते हैं तो महान क्रिकेटरों में उनका नाम शुमार होगा। इसके लिये सबसे पहले उन्हें अपना बल्लेबाजी क्रम तय करना होगा। वह पारी की शुरूआत करेंगे या छठे नंबर पर उतरेंगे, यह उन्हें देखना है क्योंकि ऐसे में अगर शीर्षक्रम धीमा खेलता है तो वह पुरानी कूकाबूरा पर आक्रामक खेल सकते हैं।

पहले दो टेस्ट में ऑफ स्पिनर आर अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन ठीक ठाक रहा लेकिन बल्लेबाजी में गहराई के लिये रविंद्र जडेजा बेहतर विकल्प हैं। तेज गेंदबाजी में आकाश दीप के पास विविधता है लेकिन कप्तान रोहित को हर्षित राणा की दिलेरी पसंद है। ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी भी चिंता का सबब है। हेड की हालत आजकल ऋषभ पंत की तरह हो गई है।

## स्टीव स्मिथ जल्द ही बनाएंगे बड़ा स्कोरः पैट कमिंस



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** ब्रिस्बेन टेस्ट से पहले, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि उनके प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे। स्मिथ इस सीरीज में अब तक भारत के खिलाफ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। साल 2024 में अब तक खेले 7 टेस्ट में स्मिथ का औसत सिर्फ 23.20 रहा है। उनका अकेला अर्धशतक जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिस्बेन में आया था। अपनी पसंदीदा नंबर चार की पोजीशन पर वापस आने के बाद भी स्मिथ भारत के खिलाफ सफल नहीं हो पाए हैं। उनके अब तक के स्कोर 0, 17 और 2 रहे हैं। कमिंस ने कहा, उनके रिकॉर्ड को देखें तो लगता है कि रन दूर नहीं हैं।

खासकर वह नेट्स में बेहतरीन दिख रहे हैं। वह आत्मविश्वास से भरे लगते हैं। पिछले मैच में वह लेग साइड पर आउट हो गए थे। मैं नहीं मानता कि इसे ज्यादा तूल दिया जाना चाहिए। मुझे पूरा यकीन है कि वह जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे। सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है, और गाबा में होने वाला अगला टेस्ट दोनों टीमों के लिए काफी अहम है। यह टेस्ट न सिर्फ सीरीज जीतने के लिए बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंक जुटाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। कमिंस ने आगे कहा, ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतना हमारे लिए गर्व की बात है। ये हमारे घरेलू मैदान हैं और हम इन्हीं परिस्थितियों में खेलकर बड़े हुए हैं। आज के समय में विदेश में टेस्ट सीरीज जीतना सबसे मुश्किल काम है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए जरूरी है कि आप घर में सबकुछ जीतें और विदेश में भी जितना संभव हो, उतना जीतें। हम हर घरेलू सीरीज को जीतने की उम्मीद से खेलते हैं। यही हमारा स्टैंडर्ड है।

## वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश पर क्लीन स्वीप किया

● तीसरा वनडे 4 विकेट से जीता, अमीर जंगू ने शतक जमाया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। कैरेबियाई टीम ने गुरुवार रात को तीसरे वनडे मुकाबले में 4 विकेट की जीत हासिल की। सेंट किट्स के बस्सेटेरे में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बांग्लादेश ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 321 रन बनाए।

322 रन का टारगेट कैरेबियन बैटर्स ने 45.5 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। अमीर जंगू ने नाबाद 104 रन की पारी खेली। उन्होंने 83 बॉल की पारी में 6 चौके और 4 छक्के जमाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज के ही शेरफेन रदरफोर्ड प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।




## विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100वां इंटरनेशनल मैच खेलेंगे

### अब तक 17 शतक लगाए, 9 बार जीता प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इतिहास रचने वाले हैं। इस मुकाबले के साथ वह कंगारुओं के खिलाफ 100 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले अब तक के दूसरे खिलाड़ी बनेंगे। सचिन तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 110 मैच खेले हैं।

विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 99 मैचों में 17 शतक लगाए, इनमें 9 बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के 7 में से 6 शहरों में शतक लगाए हैं, ब्रिस्बेन ऐसा इकलौता शहर है, जहां वह शतक नहीं लगा सके। विराट तीसरे टेस्ट में शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया के सभी क्रिकेट शहरों में सेंचुरी लगाने वाले इकलौते खिलाड़ी बन सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5000+ रन बनाए विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 27 टेस्ट, 49 वनडे और 23 टी-20 खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 50 से ज्यादा की औसत से 5326 रन बनाए। उनके नाम 17 सेंचुरी और 27 फिफ्टी हैं। खास बात यह रही कि विराट ने 17 में से 10 सेंचुरी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हीं के घर में लगाईं। विराट की मौजूदगी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 47 प्रतिशत मैचों में हराया विराट की मौजूदगी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 10 टेस्ट, 21 वनडे और 15 टी-20 हराए। तीनों फॉर्मेट मिलाकर विराट जब भी प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे, टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 47 प्रतिशत में जीत हासिल की। 44 प्रतिशत में टीम को हार मिली, जबकि बाकी मुकाबले बेनतीजा और ड्रॉ रहे।

एडिलेड में विदेशी प्लेयर के तौर पर सबसे ज्यादा शतक विराट को ऑस्ट्रेलिया में खेलना बहुत पसंद है। ऑस्ट्रेलिया के 7 शहरों में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम हैं, जिनमें से 6 में विराट ने 12 शतक लगाए हैं। एडिलेड में उनके नाम विदेशी प्लेयर्स में सबसे ज्यादा 5 सेंचुरी हैं। मेलबर्न और पर्थ में उन्होंने 2-2 शतक लगाए हैं।

होबार्ट, कैनबरा और सिडनी में भी उनके नाम 1-1 सेंचुरी हैं। विराट सिर्फ ब्रिस्बेन के द गाबा स्टेडियम में शतक नहीं लगा सके हैं। अगर उन्होंने तीसरे टेस्ट में सेंचुरी लगा दी तो वह ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट के सातों शहरों में शतक लगाने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बन जाएंगे।

2018 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर रच चुके इतिहास विराट ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के मैदान पर ही इतिहास रचा था, जब उन्होंने अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को 2-1 से टेस्ट सीरीज जिताई थी। भारत ने क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में टेस्ट सीरीज हराई थी। भारत ने फिर 2021 में अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में भी ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीती थी। अब टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में 5 टेस्ट की सीरीज में 1-1 की बराबरी पर खड़ी है। विराट इस टीम का अहम हिस्सा हैं, उनके पास बतौर प्लेयर ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतने का मौका है।

विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018 में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को उन्हीं के घर में टेस्ट सीरीज हराई थी। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ 85 मैच खेले विराट ने अपने करियर में सबसे ज्यादा मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही खेले। वह न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ भी 50 प्लस इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया के बाद उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 15 और वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 शतक लगाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ उनके नाम 85 मैचों में 8 सेंचुरी हैं। सचिन के नाम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट से ज्यादा शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट से ज्यादा इंटरनेशनल मैच सचिन तेंदुलकर ने ही खेले हैं।

उनके नाम 110 मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6707 रन हैं। इनमें 20 शतक और 31 फिफ्टी शामिल हैं। टेस्ट में सचिन ने 11 शतक के सहारे 3630 रन बनाए हैं। जबकि वनडे में उन्होंने 9 सेंचुरी के सहारे 3077 रन बनाए हैं। सचिन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई टी-20 नहीं खेला। विराट अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 और शतक लगा देते हैं तो वह एक अपोनेंट के खिलाफ सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। फिलहाल सचिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 शतक लगाकर टॉप पर हैं। विराट तीसरे नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ 19 शतक लगाए हैं।

एक टीम के खिलाफ 100+ मैच खेलने वाले चौथे प्लेयर बनेंगे विराट विराट गाबा में एक ही टीम के खिलाफ 100 से ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाले दुनिया के चौथे ही खिलाड़ी बनेंगे।

# ट्रेविड हेड महान बल्लेबाज बनने की राह पर

## रिकी पोंटिंग ने इस दिग्गज से की तुलना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड आधुनिक समय के महान बल्लेबाजों में से एक बनने की राह पर हैं। एडिलेड ओवल में खेले गए डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर मेजबान टीम को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने में मदद की जिसके लिए हेड को 141 गेंदों पर 140 रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

हेड पिछले 18 महीनों में भारत के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं, उन्होंने 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शानदार 163 रन बनाए और उसी साल के अंत में वनडे विश्व कप के फाइनल में मैच जीतने वाली 137 रन की पारी खेली। पोंटिंग ने कहा, वह उन (महान) खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर हैं। मुझे नहीं लगता कि आप उन्हें अभी महान कह सकते हैं। वह जो कर रहे हैं, उस पर कोई सवाल नहीं है क्योंकि वह जो कर रहे हैं, वह शानदार है। और कई बार ऐसा तब होता है जब उनकी टीम को उनकी सबसे ज़्यादा जरूरत होती है। विश्व कप सेमीफाइनल, विश्व कप फाइनल, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, ऑस्ट्रेलिया में कुछ साल पहले हुई एशेज के बारे में सोचिए।

बड़े पल तब होते हैं जब ट्रैविस ने खड़े होने का तरीका ढूंढ़ लिया है। उन्होंने हेड की खेलने की शैली की तुलना अपने पूर्व साथी, शानदार विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट से भी की, जिन्होंने 2000 के दशक की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के दबदबे वाले दौर में बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में आक्रामक स्ट्रोकप्ले किया था।

उन्होंने कहा, स्पष्ट रूप से गिली ही हैं। हेड जिस तरह से खेलते हैं, वह गिलक्रिस्ट के खेलने के तरीके से काफी मिलता-जुलता है, हालांकि वे बैटिंग ऑर्डर में कुछ स्थान ऊपर हैं। गिली 6-7 नंबर पर थे, और ट्ैविस नंबर य ह 5 पर अपना खेल दिखा रहे हैं। पोंटिंग ने कहा, मुझे पीछे बैठकर उन्हें खेलते हुए देखना अच्छा लगता है।

इस तरह से खेलते हुए देखना काफी तरोताजा करने वाला होता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि परिस्थिति कैसी भी हो, ट्रैविस उसी तरह से खेलेगा और मुझे यह पसंद है। ट्रैविस का रवैया ही है जो उसे उस तरह से खेलने की अनुमति देता है जिस तरह से वह खेलता है। वह आउट होने से नहीं डरता। उसे नकारात्मक परिणाम की परवाह नहीं है। वह जो कुछ भी करता है, उसमें केवल सकारात्मक परिणाम देखता है।

**हॉकीः**

## एक तीर से दो निशाने..थाईलैंड पर जीत के साथ एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने शानदार जीत की राह पर लौटते हुए थाईलैंड को 9-0 से रौंदकर गुरुवार को महिला जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और आगामी जूनियर विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई किया।

दीपिका के चार गोल की बदौलत गत चैंपियन भारत ने शानदार जीत की राह पर लौटते हुए थाईलैंड को 9-0 से रौंदकर गुरुवार को महिला जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और आगामी जूनियर विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई किया। भारत ने 17वें मिनट में राणा साकाशी के जरिए गोल किया। भारतीय टीम खेल के शुरुआती क्षणों में थाई डिफेंस को भेदने में सफल नहीं रही, लेकिन एक बार गोल होने के बाद उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

सिवाच कनिका (23) ने छह मिनट बाद गोल किया और 25वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर एक और स्ट्राइकर के साथ भारत के लिए स्कोर 3-0 कर दिया। लालरिनपुई ने 27वें मिनट में मैदानी गोल करके थाईलैंड पर जबरदस्त दबाव बनाया।

दीपिका ने 28वें मिनट में भारत के लिए पांचवां गोल दागकर स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया। भारत ने बुधवार को तीन बार के विजेता चीन से 1-2 से मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। दीपिका ने 31वें मिनट में टीम का छठा गोल किया और फिर 35वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी की। कनिका ने 40वें मिनट में अपनी टीम का आठवां गोल करके अपना तीसरा गोल किया।

भारत ने 55वें मिनट में दीपिका के चौथे गोल के साथ थाईलैंड को पूरी तरह से हरा दिया। भारत ने इससे पहले पांच टीमों के टूर्नामेंट के अपने पहले दो मैचों में बांग्लादेश को 13-1 और मलेशिया को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। सेमीफाइनल शनिवार को होंगे, जबकि फाइनल रविवार को होगा।



## गिलेस्पी ने एसए के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले पाकिस्तान के मुख्य कोच का पद छोड़ा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इस साल अप्रैल में पाकिस्तान की टेस्ट टीम के मुख्य कोच नियुक्त किए गए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पाकिस्तान की पुरुष टीम की व्हाइट-बॉल टीम के मुख्य कोच आकिब जावेद दक्षिण अफ्रीका में होने वाली आगामी सीरीज के लिए टेस्ट टीम के मुख्य कोच का पद संभालेंगे।

गिलेस्पी के पाकिस्तान के मुख्य कोच के रूप में पिछले कार्यकाल में टीम ने अक्टूबर में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से पिछड़ने के बाद जीत हासिल की थी। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में वर्तमान में सातवें स्थान पर काबिज पाकिस्तान के पास मौजूदा चक्र में चार और टेस्ट मैच बचे हैं।

जबकि अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका हाल ही में घरेलू मैदान पर श्रीलंका को 2-0 से हराने के बाद खिताबी मुकाबले की दौड़ में सबसे आगे है।

# विश्व चैंपियन गुकेश को विश्वनाथन आनंद की सलाह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पांच बार के विश्व चैंपियन नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने भी शुरूआती दौर में शतरंज के स्तर की आलोचना की है, लेकिन पांच बार के विश्व चैंपियन और गुकेश के 'मेंटोर' आनंद ने कहा कि उन्होंने 'गुकेश द्वारा इतिहास बनते देखा'। महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने शुक्रवार को डी गुकेश से कहा कि वह चीन के डिंग लिरेन के साथ विश्व चैंपियनशिप खिताबी

## आलोचना को नजरअंदाज करें

मुकाबले के स्तर पर सवाल उठाने वालों को नजरअंदाज करें क्योंकि आलोचना हमेशा सफलता के साथ ही आती है।

भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश ने बृहस्पतिवार को इतिहास रच दिया, वह सिंगापुर में विश्व चैंपियनशिप की 14वीं और अंतिम बाजी में लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। पूर्व विश्व चैंपियन व्लादिमीर क्रैमनिक मैच के दौरान शतरंज के स्तर से प्रभावित नहीं थे। उन्होंने इसे 'शतरंज का अंत' होने जैसा करार किया। क्रैमनिक ने खेल के स्तर पर निराशा व्यक्त की और लिरेन की गलती को 'बचकाना' करार दिया। पांच बार के विश्व चैंपियन नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने भी शुरूआती दौर में शतरंज के स्तर की आलोचना की है, लेकिन पांच बार के विश्व चैंपियन और गुकेश के 'मेंटोर' आनंद ने कहा कि उन्होंने 'गुकेश द्वारा इतिहास बनते देखा'।

आनंद ने कहा, मुझे बहुत खुशी है। मैं कल सचमुच इतिहास बनते देख रहा था। यह (आलोचना) हर मैच के साथ आती है। ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि यह बस क्षेत्र के साथ आती है। आप इसे अनदेखा कर दीजिये, बस सब ठीक। आप गुकेश की उपलब्धि, उसकी योग्यता और सब कुछ जानते हैं। अगर आप ओलंपियाड देखें तो उसने दिखाया कि वह वास्तव में बहुत मजबूत खिलाड़ी बन गया है। आनंद ने कहा, उसने इस साल कैंडिडेट्स जीता, टोरंटो में काफी अच्छे परिणाम मिले और वह यहां खेलने पहुंचा। इसलिए यह सब (आलोचना) इसके साथ आती है।

# समन्वय से प्रयास करके विकास योजनाओं की बाधाएं दूर करें

## समन्वित प्रयासों से ही विन्ध्य क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पूरे विन्ध्य क्षेत्र में विकास के सभी संसाधन और अपार संभावनाएं हैं। क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत योजनाओं की सभी बाधाएं अधिकारी समन्वय बनाकर दूर करें। जनप्रतिनिधि और अधिकारी दोनों ही आमजनता के कल्याण के लिए ही कार्य कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से ही विन्ध्य क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। जिस तरह रीवा में बाणसागर बांध की नहरों से आर्थिक विकास और समृद्धि का प्रकाश फैला है उसी तरह सतना में बरगी बांध की नहर का पानी पहुंचने और सिंगरौली और सीधी में गोड़ सागर परियोजना के पूरा होने से समृद्धि आएगी। इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सभी बाधाओं को दूर कराएं। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गोविंदगढ़ से सिंगरौली तक रेलवे लाइन निर्माण के लिए भू अर्जन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। इससे रेल परियोजना के कार्य में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री जी मऊगंज में सीतापुर-हनुमना सूक्ष्म दाब सिंचाई परियोजना का शिलान्यास कर रहे हैं। इस 5041 करोड़ की परियोजना से मऊगंज जिले के अधिकांश क्षेत्र, सीधी, सिंगरौली एवं रीवा जिले के गांवों में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसका मुख्य बांध सोन घड़ियाल अभ्यारण्य में प्रस्तावित है। वन विभाग और जल संसाधन विभाग मिलकर परियोजना के संबंध में समस्त स्वीकृतियाँ जारी कराएं जिससे कार्य शुरू हो सके। विधायक निधि से स्वीकृत 15 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की राशि लोक निर्माण विभाग तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को जारी करने के लिए वरिष्ठ कार्यालयों का ध्यान आकृष्ट किया जाएगा। बैठक में विधायक चित्रकूट श्री सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने बरगी नहर से पर्याप्त मात्रा में पानी चित्रकूट क्षेत्र में उपलब्ध कराने तथा बकिया बांध के डेड स्टोरेज का पानी सिंचाई के लिए उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी ने छोटी महानदी के बरही मार्ग के क्षतिग्रस्त पुल का टेण्डर मंजूर करने, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने जनमन योजना के वन भूमि में स्वीकृत निर्माण कार्यों की वन विभाग से एनओसी जारी करने एवं सीधी जिले में अधिकारियों के रिक्त पदों की पूर्ति की बात कही। विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति ने लालगांव में थाना खोलने एवं मलकपुर तालाब के सुधार की योजना को मंजूरी देने तथा विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह ने त्योंथर फ्लो नहर की गुणवत्ता की जाँच एवं टूटी नहर सुधारकर अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति का सुझाव दिया। बैठक में ग्रामीण विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने सीधी से सिंगरौली फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य तेजी से पूरा कराने एवं सिंगरौली जिले में पुलिस बल में वृद्धि तथा पड़री बांध की नहरों को पक्का करने की बात रखी। बैठक में विधायक देवसर श्री राजेन्द्र मेश्राम ने गोड़ परियोजना का निर्माण कार्य शुरू कराने, विधायक निधि से स्वीकृत 15 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की राशि विभागों को उपलब्ध कराने तथा बरगवां से परसोना मार्ग के टोल बैरियर को बंद कराने की मांग रखी। विधायक सिंगरौली श्री रामनिवास रावत ने स्टेडियम निर्माण, जिला न्यायालय भवन का अधूरा निर्माण कार्य पूरा कराने, बिजुल नदी में पुल निर्माण तथा कचनी डैम से सिंचाई के लिए तत्काल पानी छोड़ने की मांग की। विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक ने गुलाब सागर बांध के फेज-1 की नहरों में सुधार तथा फेज-2 की नहरों का निर्माण पूरा कराकर सिहावल क्षेत्र में किसानों को पानी देने की मांग रखी।

# मुख्यमंत्री आज आएंगे मऊगंज, विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित

## मुख्यमंत्री आज मऊगंज को देंगे 5175 करोड़ के निर्माण कार्यों की सौगात



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एक दिवसीय प्रवास पर 14 दिसम्बर को मऊगंज आएंगे। मुख्यमंत्री भोपाल से प्रातः 9.15 बजे वायुयान से प्रस्थान कर 10.15 बजे रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा से हेलीकाप्टर से प्रातः 10.10 बजे प्रस्थान करके सरसी टापू पहुंचकर पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए रिसॉर्ट का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री प्रातः 11.30 बजे व्यौहारी पहुंचकर विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे तथा विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12.45 बजे व्यौहारी से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 1.10 बजे मऊगंज पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री मऊगंज में कलेक्ट्रेट के समीप विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री समारोह में बच्चों को पोषण किट और छात्रवृत्ति का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री समारोह स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा विकास योजनाओं की प्रदर्शनी तथा जनसंपर्क संचालनालय द्वारा एक वर्ष की उपलब्धियों का अवलोकन करेंगे।

समारोह में मुख्यमंत्री मऊगंज जिले को 5175 करोड़ 39 लाख रुपए के कुल 57 निर्माण कार्यों की सौगात देंगे। इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री जी 54 निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसमें सीतापुर-हनुमना सूक्ष्म दबाव सिंचाई योजना लागत 5065 करोड़ रुपए शामिल है। इस परियोजना से पाँच साल में पूरे हनुमना क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इसका मुख्य बाँध सीधी जिले में सोन नदी पर बनाया जाएगा। समारोह में 40 करोड़ रुपए की लागत से सिविल अस्पताल मऊगंज के 200 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन तथा 24 करोड़ रुपए की लागत से 48 उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के निर्माण का भी शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री समारोह में 12 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत से तीन निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊगंज में 50 बिस्तर अस्पताल भवन का निर्माण लागत 5 करोड़ रुपए, हनुमना क्षेत्र में तिलया गांव में विद्युत सब स्टेशन निर्माण लागत 4.33 करोड़ रुपए तथा देवतालाब से तमरी मार्ग में ओड्डा नदी में पुल निर्माण लागत 3.51 करोड़ रुपए शामिल हैं।

# विकास योजनाओं की एक वर्ष की उपलब्धियाँ दिखा रही प्रदर्शनी



**रीवा।** प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। इसके तहत जिला मुख्यालय और विकासखण्डों में चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशों के अनुसार टाउनहाल रीवा में जनसंपर्क संचालनालय द्वारा चित्र प्रदर्शनी का आयोजन 13 दिसम्बर से किया गया है। जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित इस प्रदर्शनी में आकर्षक चित्रों के माध्यम से सशक्त बन रही मध्यप्रदेश की नारी, लोक निर्माण से लोक कल्याण, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अभ्युदय, आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की गारंटी को प्रदर्शित किया गया है। चित्र प्रदर्शनी में नए स्टार्टअप, जनजातीय विकास से जुड़ी योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों, पुलिस कर्मियों के कल्याण की योजनाओं, गौ संवर्धन तथा गौ संरक्षण के कार्यों एवं प्रदेश में लगातार बढ़ रहे औद्योगिक निवेश को प्रदर्शित किया गया है। चित्र प्रदर्शनी में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति, साइबर तहसील से किसानों को हो रहे लाभ, लाड़ली बहना योजना, बेहतर सुशासन के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों, किसानों तथा मजदूरों के कल्याण के प्रयासों, युवाओं को नए अवसर सहित शासन की सभी प्रमुख विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया है।

# जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 651395 क्विंटल हुई धान की खरीद

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 93 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। किसानों से एफएक्यू धान 2300 रूपये प्रति क्विंटल की दर से सहकारी समितियों द्वारा खरीदी जा रही है। जिले में अब तक 10317 किसानों से अब तक 651395 क्विंटल धान की खरीद की गयी है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने बताया कि अब तक की गयी खरीदी के लिए किसानों को 140 करोड़ 90 लाख 49 हजार 914 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके खरीदी केन्द्र और खरीदी के समय का निर्धारण करके समर्थन मूल्य पर धान दे सकते हैं।

# संभागायुक्त ने देर रात रैन बसेरा का किया निरीक्षण

## निराश्रितों को रजाई, कंबल, अलाव सहित मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद देर रात्रि स्वयं सड़कों पर निकलकर गरीब और निराश्रित व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर ने देर रात रीवा नगर निगम क्षेत्र के रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया, उन्होंने रैन बसेरों में ठहरने वालों को रजाई, कंबल, अलाव और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने शहर के अस्पताल चौक, साईं बाबा मंदिर, कोठी कंपाउंड शिव मंदिर, पुराना बस स्टैण्ड तथा नए बस स्टैण्ड का का निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्थानों पर अलाव की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम तथा सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ठंड से प्रभावित गरीब और बेसहारा लोगों के लिए रैन बसेरों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा अन्य आश्रय स्थलों सभी सुविधाएं उपलब्ध रहें। सामाजिक संगठनों को इस प्रयास में जोड़ा जाए ताकि मदद व्यापक और प्रभावी हो सके। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कमिश्नर डॉ. सौरभ सोनवड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी प्रमुख स्थानों में जरूरतमंदों के लिए अलाव, गर्म कपड़े सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए 50 खण्डपीठें गठित की गयी हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं। जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मनगवां, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायालय में 29 खण्डपीठ, तहसील विधिक सेवा समिति मऊगंज में 7 खण्डपीठ, सिरमौर में 6 खण्डपीठ, त्योंथर में 5, मनगवां में एक खण्डपीठ एवं तहसील विधिक सेवा समिति हनुमना में 2 खण्डपीठ गठित की गयी हैं। लोक अदालत के दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति (क्लेम), 138 चेक बाउंस, विद्युत, श्रम, भू-अर्जन, नगर पालिका निगम, प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जायेगें। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए खण्डपीठ क्रमांक एक में न्यायाधीश श्री विक्रम सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 2 में न्यायाधीश श्री रमेश रंजन चौबे, खण्डपीठ क्रमांक 3 में न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह पाल, खण्डपीठ क्रमांक 4 में न्यायाधीश श्री केशव सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 5 में न्यायाधीश श्री आनंद गौतम तथा खण्डपीठ क्रमांक 6 में न्यायाधीश श्री प्रवीण पटेल को तैनात किया गया है। इसी तरह खण्डपीठ क्रमांक 7 में न्यायाधीश श्रीमती पदमा जाटव, खण्डपीठ क्रमांक 8 में न्यायाधीश दिलीप सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 9 में न्यायाधीश संदीप श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 10 में न्यायाधीश शशांक खरे, खण्डपीठ क्रमांक 11 में न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 12 में न्यायाधीश श्रीमती प्रीतिशिखा अग्निहोत्री, खण्डपीठ क्रमांक 13 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपसिंह कनेल, खण्डपीठ क्रमांक 14 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री देवदत्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

# समर्थन मूल्य पर उपार्जन केन्द्रों में खरीदी जारी

## एसडीएम सहित अन्य अधिकारी कर रहे हैं निरीक्षण



**रीवा।** जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर सुव्यवस्थित खरीदी की मानीटरिंग के लिये जिले के समस्त अनुभाग के एसडीएम व संबंधित अधिकारी खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे है।

एसडीएम त्योंथर संजय जैन ने खरीदी केन्द्र सोहरवा, नौबस्ता परसिया का, एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी ने कैप्टन वेयर हाउस मनगवां का, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने बम्हौरी का, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट ने चांदी एवं गढ़वा का निरीक्षण कर उपार्जन व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसी क्रम में तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने खैरा एवं चोरहटा खरीदी केन्द्र, विजय मूर्ति मिश्रा ने गुढ़ खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने सेवा सहकारी समिति मनगवां, दुआरी, पाती आदि केन्द्रों का निरीक्षण कर तुलाई, स्लॉट की उपलब्धता सहित किसानों को सुविधा के लिये पानी, छाया, अलाव, प्रकाश व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देश पर खरीदी केन्द्रों में किसानों से उसी दिन खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है जिस दिन वह धान बेंचने आता है।

# रोजगार मेला 16 दिसंबर को

**रीवा।** स्थानीय शासकीय टीआरएस महाविद्यालय रीवा में 16 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 8000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमि. पुणे, महाराष्ट्र, एन.ए.पी.एस. कंपनी-सीरम हडपसर पुणे, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. (आईसेक्ट) इंदौर, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा. लि. जबलपुर, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, यशस्वी ग्रुप भोपाल, फ्लिपकार्ड जबलपुर, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पूणे, तथा एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित, ग्रामों की कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश

**रीवा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सपना त्रिपाठी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित ग्रामों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि चयनित ग्रामों के शत-प्रतिशत सेचुरेशन हेतु ग्राम, परिवार व हितग्राही कार्ययोजना मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के दौरान तैयार कर योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के प्रति आमजनों को किया जा रहा है जागरूक

## प्रति दिवस प्राप्त आवेदनों व निराकृत किये गये आवेदनों को पोर्टल में किया जा रहा है फीड

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 26 जनवरी तक संचालित किया जायेगा। अभियान के तहत शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाये जाने के लिये शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाये जा रहे हैं। आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने व अपनी समस्याओं का निराकरण कराने के लिये विभिन्न माध्यमों से जागरूक भी किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर सीएफटी सितलहा अन्तर्गत नीवा, लूक, पुरवा गोहटा व कटांगी तथा जनपद रीवा के अगडाल में शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत अम्बा, बैरा, कटकी, बेलवा सुरसरी सिंह, पुरास, बगढ़ा, मढ़ीकला, लोही, कोठी, सहेवा, लालगांव, नदना डिहिया, बरा, गोड़हर में रंगोली डालकर मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। जनपद सिरमौर अन्तर्गत ग्राम पंचायत दुवगवां, गुहिया, सहित बगढ़ा दुबे, बरा, चचाई, छिरहटा, बेलवा सुरसरी सिंह, खैरहन, मरैला में रैली निकालकर आमजनों को जागरूक किया गया।

# शहरी क्षेत्र में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर का आयोजन

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर मुख्यमंत्री-जनकल्याण-अभियान अंतर्गत जन कल्याण पर्व एवं अभियान में शिविर का वार्डवार निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन में जोन क्र. दो के वार्ड 17,18 एवं 19 तथा नगर निगम कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री-जनकल्याण-अभियान में केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक और लक्ष्य आधारित 34 योजनाओं, 11 लक्ष्य आधारित, 63 सेवाओं को मैदानी स्तर पर सभी विभागों के समन्वय के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इन योजनाओं के लाभ से वंचित रहे पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें हितलाभ दिया जायेगा।

# उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का किया शुभारंभ

## रीवा में 321 करोड़ रूपये से मदर चाइल्ड अस्पताल, एमरजेंसी मेडिसिन ओपीडी का होगा निर्माण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिये सिर में ठंडक, पैर में चक्कर, सीने में आग तथा मुंह में मिठास का मंत्र लेकर कार्तव्यनिष्ठा से कार्य किया जाना चाहिए। श्री शुक्ल ने रीवा के जीएमएच परिसर में ओपीडी में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शांतभाव से सेवा के लिये सीने में जजवा लेकर मृदुल व्यवहार से मरीजों की सेवा के भाव होने चाहिए। हमें ऐसा रीवा बनना है जहाँ स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी सुविधाएँ हो तथा यहाँ के और आसपास के लोगों को इलाज के लिये बाहर न जाना पड़े बल्कि बाहर के लोग बेहतर इलाज के लिये रीवा आयें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप सस्ती दवाई व स्वास्थ्य सुविधाएँ देने का संकल्प पूरा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों में सस्ती व अच्छी गुणवत्ता की दवाइयाँ उपलब्ध हैं साथ ही आयुष्मान योजना के तहत लोगों का निश्शुल्क इलाज व जांच भी की जा रही है। श्री शुक्ल ने बताया कि रीवा के जीएमएच परिसर में 321 करोड़ रूपये से मदर चाइल्ड अस्पताल तथा मेडिकल एमरजेंसी ओपीडी का निर्माण कराया जायेगा। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिये 10 करोड़ रूपये से एंजियोप्लास्टी की दूसरी मशीन उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएँ व हमारे सेवाभाव के संस्कार देश को बदलने का कार्य कर रहे हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि संजय गांधी अस्पताल परिसर में दो तथा जिला अस्पताल में स्थापित एक प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र मरीजों को सस्ती व गुणवत्तापूर्ण दवाई उपलब्ध कराने में मददगार होंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. अक्षय श्रीवास्तव, पार्षद पूजा सिंह, राजगोपाल मिश्र चारी, प्रवीण अग्रवाल सहित चिकित्सक व स्थानीय जन उपस्थित रहे।

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा
अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर फायदें
• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है
उपलब्ध सुविधाएँ
• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष
आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
8435896118, 9630131919, 7898847200

11 दिसम्बर - 26 दिसम्बर 2024
जनकल्याण पर्व




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव
द्वारा
सरसी पर्यटन केन्द्र एवं रिसॉर्ट
का लोकार्पण
पूर्वाह्न 10:00 बजे । शहडोल

अक्षयपात्र कार्यक्रम
बच्चों को पोषण आहार किट का वितरण
एवं छात्रवृत्ति का अंतरण

200 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के उन्नयन कार्य एवं
सीतापुर-हनुमना दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का
भूमिपूजन

विद्युत सब-स्टेशन तिलिया का
लोकार्पण

14 दिसम्बर, 2024 । अपराह्न 1:00 बजे । मऊगंज



सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11120/24

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833